संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-117 मंगलवार, 27 फरवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# सुप्रीमकोर्ट ने केंद्र को चेतावनी दी

## आप नहीं तो हम करेंगे,कोस्ट गार्ड में महिलाओं को परमानेंट कमीशन पर एससी ने केंद्र को चेताया



**नई दिल्ली,26 फरवरी 2024(ए)।** भारतीय तटरक्षक बल यानी इंडियन कोस्ट गार्ड महिला अधिकारियों के परमानेंट कमीशन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक बार फिर फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए कहा केंद्र को कड़ी चेतावनी दी। अदालत ने कहा- आप महिला अधिकारियों को या तो परमानेंट कमीशन दीजिए वरना हम आदेश जारी करेंगे। अब इस मामले में 1 मार्च को सुनवाई होगी।सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन कोस्ट गार्ड की एक महिला अधिकारी की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें आईसीजी के लिए योग्य महिला शॉर्ट-सर्विस कमीशन अधिकारियों को परमानेंट कमीशन देने की मांग की गई है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि कोस्ट गार्ड नेवी और आर्मी से बिल्कुल अलग है। इस मामले में एक बोर्ड बनाई जा चुकी है.। इसमें स्ट्रक्चरल चेंजेस की जरूरत है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, इन सभी कार्यक्षमता आदि तर्कों में 2024 में कोई दम नहीं है। महिलाओं को छोड़ा नहीं जा सकता। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हम ऐसा करेंगे। आप परमानेंट कमीशन दीजिए वरना हम आदेश पारित करेंगे।

### प्रियंका त्यागी ने लगाई है याचिका

याचिकाकर्ता प्रियंका त्यागी ने खुद को कोस्ट गार्ड के ऑल विमेन क्रू का सदस्य बताया है, जो तटरक्षक बेड़े पर डोमियर विमानों की देखभाल के लिए तैनात किया गया था। यह याचिका एओआर सिद्धांत शर्मा के हवाले से दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता ने अपनी रिट में 10 वर्षों की शॉर्ट सर्विस नियुक्ति को आधार बनाते हुए एनी नागराज और बबिता पूनिया के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है और न्याय की गुहार लगाई है।
सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आप सभी ने अभी तक हमारा बबीता पुनिया जजमेंट नहीं पढ़ा है। आप इतने पितृसत्तात्मक क्यों हैं कि आप महिलाओं को कोस्ट गार्ड क्षेत्र में नहीं देखना चाहते? आपके पास नौसेना में महिलाएं हैं, तो कोस्ट गार्ड में ऐसा क्या खास है, जो महिलाएं नहीं हो सकतीं? हम पूरा कैनवास खोल देंगे. वह समय गया जब हम कहते थे कि महिलाएं कोस्ट गार्ड में नहीं हो सकतीं. महिलाएं सीमाओं की रक्षा कर सकती हैं, तो महिलाएं तटों की भी रक्षा कर सकती हैं।

# असम विधानसभा में ध्वनि मत से पारित हुआ यूसीसी

- » सीएम सरमा बोले- हम सामने के दरवाजे से लाएंगे बिल
- » यूसीसी चार बिंदुओं से संबंधित हैः सीएम सरमा
- » उत्तराखंड विधानसभा ने इसी साल यूसीसी पारित किया
- » असम विधेयक पेश करने वाला तीसरा राज्य




**गुवाहाटी,26 फरवरी 2024(ए)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि उनकी सरकार सामने के दरवाजे से समान नागरिक संहिता लाएगी। उन्होंने कहा कि यूसीसी पारंपरिक प्रथाओं और अनुष्ठानों से संबंधित नहीं है।असम उपचार (बुराइयों की रोकथाम) प्रथा विधेयक, 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीएम सरमा ने दावा किया कि सरकार केवल दुर्भावनापूर्ण इरादे वाले लोगों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रथाओं पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रही है।

### यूसीसी चार बिंदुओं से संबंधित हैः सीएम सरमा

सीएम ने कहा, यूसीसी अब उत्तराखंड में है। यूसीसी चार बिंदुओं से संबंधित है- कम उम्र में विवाह को रोकना, बहुविवाह पर बैन, विरासत कानून और लिव-इन संबंधों का पंजीकरण करना। यूसीसी पारंपरिक अनुष्ठानों या प्रथाओं से संबंधित नहीं है।

### उत्तराखंड विधानसभा ने इसी साल यूसीसी पारित किया

बता दें कि उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने राज्य विधानसभा ने इसी साल 7 फरवरी को एक विधेयक पारित किया था जिसमें अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर सभी समुदायों के लिए विवाह, तलाक, विरासत और लिव-इन रिलेशनशिप पर समान नियम लागू करने का प्रावधान है।

### असम विधेयक पेश करने वाला तीसरा राज्य

वहीं, मुख्यमंत्री सरमा ने पिछले महीने यानी जनवरी में कहा था कि उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम समान नागरिक संहिता की मांग करने वाला विधेयक पेश करने वाला तीसरा राज्य होगा। साथ ही उन्होंने कहा था कि यह आदिवासी समुदायों को कानून के दायरे से छूट देगा।

### विधेयक ध्वनि मत से विधानसभा में पारित

मुख्यमंत्री सरमा ने विधानसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम समान नागरिक संहिता लाएंगे और हम इसे सामने के दरवाजे से लाएंगे। इस विधेयक को ध्वनि मत से विधानसभा में पारित कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गजल गायक पंकज उधास का हुआ देहांत



**मुंबई,26 फरवरी 2024(ए)।**गजल गायक पंकज उधास लंबी बीमारी के बाद 72 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उन्हें 2006 में पद्मश्री मिला था। उनके निधन की जानकारी उनकी बेटी नायाब ने सोशल मीडिया पर दी है। गजल गायक पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल सोमवार 26 फरवरी की सुबह 11 बजे अंतिम सांस ली।

### राहुल गांधी की सीट पर खेल बिगाड़ेगी ये महिला नेत्री



**नई दिल्ली,26 फरवरी 2024(ए)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चार सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बता दें कि सीपीआई केरल के सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा में दूसरा सबसे बड़ा गठबंधन भागीदार है।
केरल की जिस वायनाड सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी सांसद हैं, वहां भी इंडिया गठबंधन लड़खड़ाती दिख रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एनी राजा को महत्वपूर्ण वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए नामांकित किया गया है। वर्तमान में यह सीट कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास है।
वहीं, पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व सांसद पन्नियन रवींद्रन तिरुवनंतपुरम से चुनाव लड़ेंगे।

### केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार की



**नई दिल्ली,26 फरवरी 2024(ए)।** दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है।

# दो लाख युवाओं के साथ हुए अन्याय को लेकर खरगे ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

## नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया



**नई दिल्ली,26 फरवरी 2024(ए)।** सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया।
उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर ''अग्निपथ'' योजना लाई गई, जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। खरगे ने पत्र में कहा, ''मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं। यह मुद्दा लगभग दो लाख युवाओं के भविष्य को लेकर है, जिनका भविष्य भारत सरकार के फैसलों के कारण अंधकारमय हो गया है।''
उन्होंने कहा, ''भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा के लिए चयनित युवाओं से मैं हाल ही में मिला था। इन युवाओं को बेहद असंवेदनशीलता के साथ देशसेवा के अवसर से वंचित किया गया है। 2019 से 2022 के बीच लगभग दो लाख युवक और युवतियों को सूचित किया गया कि उन्हें तीन सशस्त्र सेवाओं, थलसेना, नौसेना और वायु सेना के लिए चयनित किया गया है। इन युवक-युवतियों ने सेना में चयन हेतु मानसिक, शारीरिक और लिखित परीक्षा पास करने के लिए तमाम बाधाओं व कठिनाइयों के बावजूद संघर्ष किया था।''
कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''31 मई, 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और बस अपने ज्वाइनिंग लेटर का इंतज़ार कर रहे हैं। दुर्भाग्य से उस दिन भारत सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया।''
उन्होंने दावा किया कि 'अग्निपथ' योजना के विषय पर पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने लिखा है कि 'अग्निवीर भर्ती योजना' से सेना ''आश्चर्यचकित रह गई और नौसेना और वायुसेना के लिए यह अचानक से एक झटके की तरह आया।''
खरगे ने कहा, ''इस योजना द्वारा सैनिकों के समानांतर एक कैडर बनाकर जवानों के बीच भेदभाव पनपेगा। अलग मेहनताने, सेवा लाभ और भविष्य से जुड़ी आशंकाओं के बीच इनको पूर्णकालिक सैनिक के समान ही सेवा देनी है। चार साल की सेवा के बाद इनमें से अधिकतर अग्निवीरों को नौकरी से निकाल दिया जाएगा। कुछ का यह भी मानना है कि अग्निपथ योजना सामाजिक अस्थिरता पैदा कर सकती है।''

# विश्वस्तरीय बनेगा मेरठ का सिटी स्टेशन

### आज पीएम मोदी ने रखी आधारशिला, 473 करोड़ रुपये होंगे खर्च




**मेरठ ,26 फरवरी 2024(ए)।** मेरठ सिटी स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। 110 साल पहले अंग्रेज हुकूमत में बने सिटी स्टेशन की 473 करोड़ रुपये से सूरत बदलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सिटी स्टेशन के प्रस्तावित नए भवन की वर्चुअल आधारशिला रखी। उन्होंने स्टेशन के नए भवन का शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित भी किया। स्टेशन को चार मंजिला बनाया जाएगा। नए स्टेशन की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार कर ली गई है। जल्द ही पुराने भवन को तोड़कर नए स्टेशन भवन का निर्माण शुरू किया जाएगा। नया स्टेशन तमाम आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।अमृत भारत स्टेशन योजना के द्वितीय चरण में मेरठ सिटी स्टेशन को शामिल किया गया है। मेरठ सिटी स्टेशन को विश्व स्तरीय श्रेणी का बनाया जाएगा। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव इसकी घोषणा कर चुके हैं। 473 करोड़ रुपये नए स्टेशन बनाने के लिए रेल मंत्रालय ने जारी किए हैं।अमृत भारत रेलवे योजना के तहत आज देशभर में 554 रेलवे स्टेशनों पर ऐसे आयोजन होंगे। जिनमें शिलान्यास और लोकार्पण शामिल हैं। इन स्टेशनों में मेरठ का स्टेशन भी शामिल है।

# नफरती भाषण मामले में तमिलनाडु बीजेपी प्रमुख अन्नामलाई को राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में कार्यवाही पर रोक लगाई

**नई दिल्ली,26 फरवरी 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2022 में पटाखे फोड़ने के संबंध में एक यूट्यूब चैनल को दिए एक साक्षात्कार में ईसाइयों के खिलाफ कथित तौर पर नफरत भरा भाषण देने के लिए तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई के खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी।
साक्षात्कार में दिए गए बयानों की प्रतिलेख पर गौर करने के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, प्रथम दृष्टया, कोई नफरत फैलाने वाला भाषण नहीं है। कोई मामला नहीं बनता है। पीठ ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया, जिसने अन्नामलाई पर दिवाली से दो दिन पहले पटाखे फोड़ने के संबंध में 22 अक्टूबर, 2022 को साक्षात्कार में ईसाइयों के



खिलाफ नफरत भरा भाषण देने का आरोप लगाया है।
पीठ ने अपने आदेश में कहा, 29 अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले सप्ताह में नोटिस जारी करें। इस बीच, ट्रायल कोर्ट के समक्ष आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। अन्नामलाई की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और वकील साई दीपक ने पीठ को साक्षात्कार की प्रतिलिपि दिखाई और कहा कि यह नफरत फैलाने वाले भाषण का मामला नहीं है।
अन्नामलाई ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने मामले में उन्हें जारी किए गए समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। 8 फरवरी को समन को रद्द करने से इनकार करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि किसी व्यक्ति या समूह पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव को भी घृणास्पद भाषण की परिभाषा के तहत माना जाना चाहिए।

## आरोपी शेख शाहजहां को कलकत्ता हाईकोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली,26 फरवरी 2024(ए)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा। कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को साफ किया कि गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है।हाई कोर्ट ने शाहजहां, प्रवर्तन



निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और पश्चिम बंगाल के गृह सचिव को स्वतसंज्ञान मामले में पक्षकार के रूप में शामिल करने का निर्देश दिया। शाहजहां 5 जनवरी को ईडी अधिकारियों पर हुए हमले के बाद से फरार है, जो राशन घोटाले में उसके परिसर की तलाशी के लिए गांव गए थे।
उत्तर 24 परगना जिले में स्थित यह गांव 8 फरवरी से ही उबाल पर है। जब लाठी, खेती के औजार और झाड़ू से लैस सैकड़ों महिलाओं ने शाहजहां और उनके दो सहयोगियों शिबप्रसाद हजारा और उत्तम सरदार की गिरफ्तारी की मांग की थी। उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लेकिन, टीएमसी का कद्दावर नेता फरार है।

# दिल्ली जल बोर्ड भ्रष्टाचार,कमीशनखोरी और अवैध कारनामों का अड्डा बन चुका है

**नई दिल्ली,26 फरवरी 2024(ए)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा खुद को नोबेल पुरुस्कार दिए जाने की मांग करने पर निशाना साधते हुए कहा कि अरविन्द केजरीवाल, सत्येन्द्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह सहित आप के तमाम नेताओं के भ्रष्टाचार की सच्चाई उजागर हो गयी है। आम आदमी पार्टी झूठ और ड्रामे का सहारा लेकर भ्रष्टाचार के सवालों से बचती है और जनता को गुमराह करती है। साथ ही, उन्होंने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार द्वारा संदेशखाली मामले के आरोपियों पर कार्रवाई न करने की कड़ी निंदा की। शहजाद पूनावाला ने ने कहा कि आज भ्रष्टाचार



के सरगना मनीष सिसोदिया को जेल की सलाखों के पीछे एक वर्ष पूरा हो गया है। मनीष सिसोदिया का ध्यान शिक्षा मंत्री के नाते कम अपितु शराब मंत्री के नाते कार्य करने पर ज्यादा रहता था। भ्रष्टाचार के सरगना अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता के साथ घोटाला और भ्रष्टाचार करने के लिए माफी मांगने की बजाय अपने लिए नोबेल पुरुस्कार की मांग कर रहे हैं। सबसे बड़ी विडंबना ये है कि एक वर्ष पहले जब मनीष सिसोदिया न्यायालय के आदेश अनुसार जेल की काल कोठरी के पीछे गए थे, तब अरविंद केजरीवाल ने उनके काले कारनामों के लिए भारत रत्न की मांग कर रहे थे। आज जब उन्हें जेल में जाने के एक वर्ष के अंदर भी देश के किसी न्यायालय ने उनको राहत नहीं दी है और इसके उलट न्यायालय ने शराब घोटाले में 368 करोड़ रुपए के हेरफेर की बात कही है।

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बोर्ड से विजय शेखर शर्मा का इस्तीफा



**बेंगलुरु,26 फरवरी 2024 (ए)।**देश की डिजिटल पेमेंट्स कंपनी पेटीएम ने मंगलवार को कहा कि विजय शेखर शर्मा ने इसकी पेमेंट्स बैंक यूनिट से बतौर नॉन-एग्जिक्यूटिव चेयरमैन और बोर्ड मेंबर इस्तीफा दे दिया है। कंपनी रिजर्व बैंक की पाबंदियों के बाद अपने बोर्ड में फेरबदल कर रही है। अब सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन श्रीनिवासन श्रीधर बोर्ड के मेंबर होंगे। साथ ही रिटायर्ड आईएएस बेंद्रनाथ सारंगी, बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अशोक कुमार गर्ग और रिटायर्ड आईएएस रजनी सेखरी सिब्बल को भी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बोर्ड में जगह मिलेगी। दरअसल, पेटीएम पेमेंट बैंक पर रिजर्व बैंक के एक्शन के बाद बोर्ड में कई बदलाव हुए हैं।

# बिना ड्राइवर के मालगाड़ी चलने के मामले में स्टेशन मास्टर समेत 6 सस्पेंड



**जालंधर,26 फरवरी 2024(ए)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ से मालगाड़ी (14806क्र) बिना ड्राइवर-गार्ड के 78 किलोमीटर का सफर तय करके पंजाब पहुंच गई थी। उस मामले में रेलवे विभाग ने कार्रवाई करते हुए कठुआ रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर, लोको पायलट, सहायक लोको पायलट सहित 6 लोगों को सस्पेंड कर दिया है। पूरे मामले की जानकारी फिरोजपुर डिवीजन के डीआरएम संजय साहू ने दी है। संजय साहू ने बताया कि कड़ी मशक्कत और प्लानिंग के साथ गाड़ी को रोका गया। उन्होंने कहा अभी तक जो कमेटी बनाई गई है पता लगाने में जुटी हुई है कि आखिरकार बंद इंजन होने के बावजूद क्रेशर मालगाड़ी कठुआ रेलवे स्टेशन से चलकर ऊंची बस्सी तक कैसे पहुंची। उल्लेखनीय है कि ऐसा ही एक मामला साल 2020 में झारखंड से सामने आया था। एक मालगाड़ी बरसुआ रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। इस दौरान ट्रेन अचानक रोल होना शुरू हुई। इसके बाद ट्रेन ट्रेन पीछे की तरफ चलते हुए बिमलगढ़ रेलवे स्टेशन की तरफ बढ़ने लगी और 100 की रफ्तार पर दौड़ने लगी।

## संपादकीय

# राहुल का एजेंडा और भाजपा की तैयारी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले साल के विधानसभा चुनावों में उठाए अपने एजेंडे से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा का फोकस पिछड़े, दलित और आदिवासियों के ऊपर रहा है। वे बार बार यह सवाल उठा रहे हैं कि भारत में शासन चलाने में इन समुदायों की क्या भूमिका है। इसे वे ऐसे तरीके से पूछ रहे हैं, जिसके लिए उनकी आलोचना भी हो रही है। जैसे उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर में पत्रकारों से पूछा कि उनके चैनल या अखबार का मालिक कौन है? क्या कोई दलित या पिछड़ा या आदिवासी मालिक है? इस दौरान उनसे सवाल पूछ रहे एक पत्रकार के साथ कांग्रेस के कुछ अति उत्साही कार्यकर्ताओं ने मारपीट भी की।राहुल गांधी पत्रकारों से इसी तरह का सवाल एआईसीसी मुख्यालय में भी कर चुके हैं। उन्होंने पूछा था कि प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद कितने पत्रकार पिछड़ी जाति से या दलित समुदाय से हैं। तब भी इसकी आलोचना हुई थी। लेकिन वे इस मुद्दे को नहीं छोड़ रहे हैं। वे बता रहे हैं कि भारत सरकार ने 90 सचिवों में से सिर्फ तीन ओबीसी हैं। उन्होंने अब यह भी कहना शुरू किया है कि देश की बड़ी कंपनियों में किसी कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी या शीर्ष अधिकारी पिछड़े, दलित या आदिवासी समाज का नहीं है। अपनी बात को प्रमाणित करने के लिए राहुल यह भी पूछ रहे हैं कि राममंदिर के उद्घाटन में अंबानी, अडानी तो बुलाए गए लेकिन किसी पिछड़े, दलित या आदिवासी को क्यों नहीं बुलाया गया? इसके आगे वे जाति गणना कराने और आरक्षण बढ़ाने की जरुरत बता रहे हैं।भाजपा को उनकी इस रणनीति के चलते नुकसान की आशंका सता रही है। जानकार सूत्रों का कहना है कि तभी भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति में कुछ बदलाव किया है। कहा जा रहा है कि भाजपा लोकसभा के चुनाव प्रचार में हर जगह सिर्फ मंदिर का मुद्दा नहीं उठाएगी। मंदिर के साथ साथ वह लाभार्थी का जिक्र करेगी। लेकिन उससे बड़ी बात यह बताई जा रही है कि भाजपा ने तय किया है कि दलित या आदिवासी बहुल इलाकों में मंदिर की बजाय सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र ज्यादा होगा। इसका मतलब है कि भाजपा को लग रहा है कि मंदिर का मुद्दा दलित और आदिवासी समुदाय में बहुत ज्यादा अपील नहीं करेगा। इसके उलट राहुल गांधी की बातें ज्यादा अपील कर सकती हैं। इसलिए भाजपा ने वैकल्पिक रणनीति तैयार की है।

# सीट बंटवारे से मजबूत होगा इंडिया गठबंधन

इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों में सीटों का बंटवारा होने लगा है। गठबंधन का प्रमुख दल कांग्रेस ने इसके लिए



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

पहल करते हुए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ सीटों का बंटवारा कर सीट शेयरिंग फार्मूले को आगे बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 व समाजवादी पार्टी 63 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 लोकसभा सीटों पर दावा कर रही थी।
इसी तरह कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी सीटों पर समझौता कर लिया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। जबकि कांग्रेस तीन सीटों चांदनी चैक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ की सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात में 24 सीटों पर कांग्रेस व दो सीटों भरूच व भावनगर में आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की 10 में से 9 सीटों पर कांग्रेस व कुरुक्षेत्र में आप चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। पंजाब की तेरह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दोनों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।
उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, गुजरात व गोवा में आम आदमी पार्टी से सीटों का गठबंधन कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक घंटा तक टेलीफोन पर बातचीत कर वहां महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो जाएगा।
बिहार में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है। कांग्रेस नेतृत्व को आशा है कि आने वाले कुछ दिनों में बिहार में सभी विपक्षी दल एक साथ मिलकर आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर चुनाव में उतरेंगे। हालांकि पश्चिम बंगाल में अभी तक कांग्रेस व ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन नहीं हो पाया है। इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के लिए ममता बनर्जी ने पहले ही पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर इनकार कर दिया था। ममता बनर्जी कांग्रेस को मौजूदा दो सीट देना चाहती है।
हालांकि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर एक बार फिर बातचीत शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। संदेशखाली की घटना के बाद ममता बनर्जी दबाव में आई हुई है। इसी के चलते ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को पांच सीट देकर समझौता कर सकती है। पश्चिम बंगाल में जब तक वामपंथी दलों के साथ समझौता नहीं होगा तब तक बीजेपी विरोधी वोटो को बिखरने से नहीं रोका जा सकेगा।



केरल में कांग्रेस व वामपंथी दलों का अपना-अपना एलायंस बना हुआ है। वहां दोनों ही एलांयसो के अंदर तगड़ा मुकाबला होगा। केरल में कांग्रेस, वामपंथी दल आमने-सामने होकर चुनाव लड़ेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में केरल में वामपंथी दलों को मात्र एक लोकसभा सीट मिली थी। जबकि केरल में वामपंथी दल की लगातार दूसरी बार सरकार चल रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस ने पिछली बार द्रमुक के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था जिसमें वामपंथी दल भी शामिल थे।
2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तमिलनाडु में आठ सीटों पर व वामपंथी दलों को चार सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कांग्रेस को 9 के बजाय 7 सीट देने की ही बात कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस वहां 16 सीट मांग रही है। द्रमुक सुप्रीमो स्टालिन ने तमिलनाडु में लंबे समय से सहयोगी रही इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को रामनाथपुरम सीट व कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) को नमक्कल सीट देकर सीट शेयरिंग के फार्मूले को आगे बढ़ा दिया है। मगर तमिलनाडु में जब तक द्रमुक का कांग्रेस व वामपंथी दलों से सीटों का बंटवारा नहीं हो जाता तब तक वहां इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे का काम अधूरा ही माना जाएगा।
झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोचा, राजद के साथ सीटों का समझौता करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा को एक-एक सीट पर जीत मिली थी। जबकि भाजपा ने वहां 12 सीट जीती थी। मगर इस बार वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। ऐसे में वहां इंडिया गठबंधन भाजपा को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है।
असम में बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के साथ जब तक कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो जाता है तब तक वहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं मानी जा सकती है। बदरुद्दीन अजमल का असम की राजनीति में बड़ा जनाधार है। जब-जब बदरुद्दीन अजमल व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा है अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने एकतरफा घोषणा करते हुए बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से सभी संबंध समाप्त कर दिए थे। जिसके बाद वहां कांग्रेस अकेले ही चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के कई विधायकों से पाला बदल करवा लिया है।
त्रिपुरा की दो सीटों पर भी कांग्रेस का माकपा से गठबंधन होने पर ही मजबूत स्थिति बन सकती है। त्रिपुरा में माकपा का व्यापक जनाधार है। वहां कांग्रेस बहुत कमजोर हो चुकी है। ऐसे में यदि कांग्रेस का माकपा के साथ सीटों की शेयरिंग हो जाती है तो दोनों ही दलों को फायदा मिल सकता है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे प्रदेशों में कांग्रेस की सीधी भाजपा व अन्य क्षेत्रीय दलों से लड़ाई है।
आंध्र प्रदेश में एक तरफ सत्तारूढ़ जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी खड़ी है। तो दूसरी तरफ तेलुगु देशम पार्टी ने फिल्म एक्टर पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ सीटो पर समझौता कर विधानसभा की 118 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा के भी तेलुगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन करने की चर्चा जोरों पर है। ऐसे में वहां कांग्रेस को त्रिकोणीय मुकाबला करना होगा। तेलंगाना में कांग्रेस ने हाल ही में भारत राष्ट्रीय समिति के के. चंद्रशेखर राव को हराकर सत्ता हासिल की है। वहां कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति व भाजपा में तिकोना संघर्ष होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का सीधा भाजपा से मुकाबला होगा। वही उड़ीसा में बीजू जनता दल, भाजपा व कांग्रेस में तिकोना संघर्ष होगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के अलग-अलग चुनाव लड़ने से कई सीटों का नुकसान उठाना पड़ सकता है।
पिछले दिनों भाजपा इंडिया गठबंधन पर सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलते कई तरह के आरोप लगा रही थी। मगर कांग्रेस ने सीट शेयरिंग की दिशा में बड़े कदम उठाते हुए कई दलों के साथ गठबंधन कर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इससे आने वाले कुछ दिनों में सभी सीटों पर गठबंधन होने की संभावना नजर आने लगी है। यदि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर एक साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे तो निश्चय ही भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकेंगे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना


# फर्श से अर्श तक आने वालों से सीखने वाला ही-कलाकार

ट्विटर की दुनिया से लेकर इंस्टाग्राम या यूँ कह लो कि सोशल मीडिया का हर एक प्लेटफॉर्म ले लो,अब इसमें कहें तो पेपर भी आ गया तो टी.वी.,न्यूज चैनल



**वीना आडवाणी**
तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र

आदि सभी ऐप वेबसाईट, ब्लोगर्स आदि सभी को सम्मिलित कर,जब मैं देखती, सुनती या पढ़ती रहती हूँ । तो आखिर अब तक मुझे ये मसला समझ क्यों नहीं आता या यूँ कह लो क्यों नहीं समझ पा रही मैं नादान ? फिर खुदी से सवाल किया कि शायद मैं समझ नहीं पा रही या जो सोशल मिडिया के कुछ लोग हैं वो समझ नहीं पा रहे । अरे कोई तो स्पष्टवादी बन दूसरे सभी या मुझे समझा मेरी समझ (मेरे दिमाग की लाईट को जला दो ज़रा) को पॉलिश कर स्पष्ट करो । पता है मसला क्या है ? खैर आप सभी को पता भी कैसे चलेगा , मेरे भीतर समाए सवालों या उथल-पुथल के बारे मे । जब मैं आपको बताऊंगी तो ही तो आप जान पाएंगे ना । तो चलो खुलासा कर आप सभी को अपने अंदर उठे भूचाल से मिलवा ही देती हूँ । मैं जानती ही हूँ आप ही पाठक तो हैं , जो मेरे सवालों का जवाब दे सकते हैं । चलो तो जानते हैं मैं किस बात की ओर इशारा कर रही हूँ
उससे पहले मुझे एक बात जो की आप सभी से पूछनी है जो कि मैंने गुगल पर सर्च कर पढ़ने के बाद जानी थी कि मशहूर फिल्म अभिनेता रजनीकांत बैंगलोर में एक बस कंडक्टर थे , उनकी इच्छा,लगन,जज़्बे,बुलंद हौसलों से लड़ वो आज खुद को आग में तपाकर फिल्म इंडस्ट्री में दाखिल हुए यहाँ तक की कुछ जगह अपमान भी सहा पर हिम्मत नहीं हारी आज उन सब बलिदानों को देने के बाद वो दक्षिण क्षेत्र के सबसे बेहतरीन कलाकार हैं । परंतु किसी की दया रहमों कर्म से नहीं अपने दम़ पर इसलिए लोग उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं और उनके नाम का तो मंदिर भी बनवा दिया । उनका किसी ने भी विरोध करते हुए अपमानित नहीं किया की एक कंडक्टर होता बस आजीविका का साधन हो कोई न कोई तो वो भी सम्मान से भरा । अगर उनके नसीब में एक सफल अभिनेता बनना लिखा था वो बने मेहनत की यदि फर्श से अर्श पर आना या गरीबी से देश की सल्तनत तक पहुंचना ? या उनके हर एक सही नेतृत्व, सही फैसले जो सभी के हित में हैं या दिन प्रतिदिन उनकी







हीरो कैसे बन गया न ही किसी ने सवाल उठाया क्यों सही कह रही ना मैं ? अपने मेहनत और लक्ष्य बना लो तो मुकाम मिल ही जाता है ।
कभी-कभी तो किस्मत का तारा ऐसी बुलंदियों पर होता की हमारी प्रतिभा को देख सामने से जैसे खुद किस्मत चली आती और कहती अरे पूछती मेरे भाई क्या तुम मेरे साथ बुलंदियों पर चलोगे ? हाय ! कितने नसीब वाला होगा ना वो इंसान जिसे किस्मत में कोई एक आध इंसान सामने से आकर आफ़र दे आगे बढ़ने का । जैसे जरूरत हमें नहीं, जरूरत किस्मत को हो हमारी ।
चलिए दूसरा भी उदाहरण देती हूँ अक्षय कुमार जी का वो भी मार्शल आर्ट के टीचर रहे ,उन्होंने अन्य बहुत से साधारण कार्य भी किए परंतु किस्मत का लिखा भला कोई कैसे मिटा सकता है । मैंने तो गुगल पर अक्षय कुमार की जीवनी टटोली तो पता चला वो तो वेटर का भी काम कर चुके । खैर काम कोई छोटा बड़ा नहीं इंसान अक्षय कुमार , रजनीकांत या अमिताभ बच्चन की तरह मेहनती हो और कुछ कर दिखाने का जज़्बा रखता हो तो कोई चट्टान भी रास्ता रोक नहीं सकती जैसे पानी को कोई रोक नहीं सकता ठीक उसी तरह कोई किसी के बढ़ते कदमों को रोक नहीं सकता ।
अब बात यहाँ पर उठती है मेरे मन के भीतर उठे सवाल की तो मुझे ये बताईए कि इन सभी के खिलाफ तो कभी कोई कुछ अनुचित शब्द कभी नहीं बोला सबने इनके दृढ़ रहने की तारीफ कर इन्हें सिरमौर बनाया इनकी एक झलक के लिए तो लोग इनके बंगलों के बाहर रात-रात भर गुज़ार देते शायद यही सोच की इनकी एक झलक मिल जाए तो जीवन सफ़ल हो जाए । तो मुझे ये बताईए कि आखिर आप सभी की समस्या क्या है ? यही जब सब कुछ हमारे देश के प्रधानमंत्री को लेकर हुआ तो क्यों लोग उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करते । क्यों आखिर ? उनके श्रेष्ठता के चर्चे , जो देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी लोहा मनवा रहे या कुछ ओर क्या परेशानी आप सभी की जो कटु शब्द से उन्हें उच्चारण करते ।
क्या एक गरीब को सपने देखने का हक नहीं ? क्या जिसने कभी लोगों के बुरे शब्द भी सुने होंगे उसने उन बुरे शब्दों की मार को ही हथियार बना आगे बढ़ना ही अपना कर्तव्य माना होगा । ये कौन सी डिक्शनरी में लिखा है कि एक चाय वाला ऊंचे पद को प्राप्त नहीं कर सकता ? काबलियत है तो इंसान कुछ भी कर सकता है ।अब सोचिए उस इंसान के बारे में जिसमें कितनी काबलियत कूट-कूट कर भरी थी , सही सोच , सभी का हित , विशिष्ट तरह के निर्णय लेने कि जिसने पानी को बोटलों में भर बेच कर लाखों से अरबों कमा लिए ।
तो वही गुण होगा हमारे मोदी जी मे तभी तो वो आज करोड़ों के दिलों में घर बना सके , अपने दूरदृष्टि को एकाग्र कर टकटकी लगा सिर्फ एक जगह देखो और सदैव सकारात्मक बोलो या सोच रखो तो वो सोच खुद चलकर आपके कदमों में नतमस्तक होगी । वही तो हुआ है मोदी जी के साथ फिर ऐसे में उन्हें चायवाला - चायवाला कहकर या फर्श से अर्श तक पहुंचने को ग़लत बताकर अपनी ही अशुद्ध वाक्चातुर्य , सोच का परिचय दे रहे लोग इन लोगों में आम जनता से लेकर महान उच्च पद् आसीन भी सम्मिलित हैं मैं सभी की नहीं कुछ लोगो की बात कर रही जो कटु शब्द बोलना ही अपनी महानता बताते हैं । मैं यहाँ किसी के पक्ष में नहीं लिख रही मेरा किसी भी पार्टी से कोई लेना-देना नहीं बस मैं ये बताना चाहती हूँ की कोई किसी की किस्मत खा नहीं सकता किस्मत में होगा तो मिलेगा ही और नहीं होगा तो सर पटकते रहो फिर भी नहीं मिलेगा । विरोध में अपशब्द बोलना है तो सभी उन फर्श से उठे अर्श तक के लोगों पर सवाल उठाऐं । सिर्फ एक पर नहीं । इससे सोशल मीडिया पर विडियो बनाने वाले सच कहूं स्वयं का खून जला रहे , खून जलाने से बेहतर है सीखो आप उनसे या उनकी जीवनी पढ़ कि उनकी सफर किन काँटओं पर चलकर आज फूलों तक पहुंचा ताकी आपको भी सीख के इस तरह के ऊंचे मुकाम प्राप्त हो सकें। फर्श से अर्श तक भी जाना कोई बच्चों का खेल नहीं बहुत बलिदान दिये होंगे उन तमाम लोगों ने तब जाकर वो अर्श पा सके खैर यही सलाह है । वैसे तो कोई भी किसी की किस्मत मिटा नहीं सकता । आप भी कोशिश करें किस्मत आप सभी पर भी मेहरबान हो शायद । विशेष सलाह ऐसे लोगों की जीवनी पढ़ आगे बढ़े सीखें उनसे और चलने की कोशिश करें उस कॉटे भरी राह पर जिस पर चल कुछ लोग आज भरी भीड़ में अपनी अलग पहचान बना कामयाब बने , यूँ छींटाकशी से आप खून तो अपना जलाएंगे ही और आगे भी नहीं बढ़ पाएंगे ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## नैतिकता का महत्व

नैतिक मूल्यों का मानव जीवन पर,होता है गहरा प्रभुत्व,
अपने प्रति कैसा है आचरण तुम्हारा,
बाहर वैसा ही झलकाता व्यक्तित्व।
अपने निज हित के लिए यदि,
दूसरों पर करोगे पीठ पीछे वार,
तो कुछ पल मौज बना लो आज,
बाद में रोएगा तुम्हारा कल अपना संसार ।
यदि ईर्ष्या,कपट मन में बसता हैं,
किंतु बाहर है दिखावे की मीठी चाल,
तो भविष्य में सौभाग्य हानि कर तुम्हारी,
समय चलेगा अपनी सही चाल ।
संस्कृति हमारी है पालन करो,
सत्य वचन, क्षमा, परोपकार,
न अपना पाए इन मूल्यों को तो,
तुम्हारा मानव जन्म ही है बेकार ।
किया हुआ अकर्म तुम्हारा,
अवश्य आएगा एक दिन जरूर सामने,
जैसा बोया वैसी ही फसल काटोगें,
पर्दों में छुपकर जी लो आज कल आओगे सामने ।
अपनी दोगली शख्शियत से मत पहुंचाओ,
सज्जनों को नुकसान,दुख देने से किसी और को,
नहीं खड़ा कर पाओगे तुम अपना महल आलीशान ।
अपने कर्मों का ही बंधन तय करता है, आने वाला भविष्य,
नैतिक मूल्यों को अपना कर
जीवन में तुम बनो दृढ़ प्रतिज्ञ ।
जीवन में करो सबका सम्मान,
रहो दिल से पूरे ईमानदार,
सत्य के पथ पर चलकर सदैव,अपनाओ जीवन में परोपकार ।
चरित्रवान बन तुम बिखराओगे, स्वयं संसार में सुनहरा परचम,
ईश्वर तब तुम पर बरसाएगा,अपना अमृत आनंद हरदम



**-मोनिका डागा आनंद ,**
चेन्नई,तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## कोशिश तो कर रहे हो न तुम

हर बार गिरकर,
संभल तो रहे हो न तुम।
माना सफर मुश्किल है,
मगर चल तो रहे हो न तुम।।
चुनौतियां से डरकर,
घबरा तो नही रहे हो न तुम।
माना राहों में चुनौतियां बहुत है,
मगर सामना तो कर रहे हो न तुम।।
बाधाओ को देखकर,
डर तो नही रहे हो न तुम।
माना राह कांटो भरा है,
मगर पार तो कर रहे हो न तुम।।
हालातो से घबराकर,
भाग तो नही रहे हो न तुम।
माना अभी समय बुरा है,
मगर लड़ तो रहे हो न तुम।
पहली बार हारकर,
हिम्मत तो नही हार रहे हो न तुम।
माना आज तुम्हारी हार हुई है,
मगर कोशिश तो कर रहे हो न तुम।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## शिवराति के तिहार

भोला अवघटदानी के,महिमा हे अपार गा।
आवत हावय संगी,
शिवराति के तिहार गा।।
कान में कुण्डल गला में,
साप लटकाये हे,
बघवा के छाला के,
भोला आसन लगाये हे।
जटा मा बिराजे हावय, गंगा के धार गा...।
आवत हावय संगी,
शिवराति के तिहार गा ।।
धरे हावय तिरसुल डमरू,
भभूत लगाये हे,
बइठे हे कैलाश म भोला,
धुनि ल रमाये हे।
नंदी बइला मा बाबा,
होथे जी सवार गा...।
आवत हावय संगी,
शिवराति के तिहार गा।।
फागुन के सुग्घर पावन,
महिना ह चलत हे,
हरहर महादेव के,
सब कोती शोर गूंजते हे।
भगत मन करत हें, तोरे जयजयकार गा...।
आवत हावय संगी,शिवराति के तिहार गा।।



**राजकुमार निषाद राज**
बिरोदा, धमधा,
दुर्ग छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# एक इंसान के कई चेहरे होते हैं

आज का शीर्षक देखकर ही हमारे प्यारे पाठक समझ गए होगे कि लेखिका मुस्कान केशरी जी अपने अनुभव से छलकपट करने वाले लोगों के संदर्भ में कुछ बाते बता रही है। सभी पाठक कल्पना करें कि कुछ लोग आपको कोई कार्यक्रम करवाने के लिए प्रेरित करे और यह विश्वास दिलाए कि अरे परेशान मत हो हम है ना, हर कदम मे आपके साथ है, हम लोग मिलकर संभाल लेगे। ऐसी बाते बोलने पर कोई भी उत्साहित हो जाता है और उन्हे लगता है कि जब बोल रहे हैं तो अवश्य मदद करेगे ही और इस विश्वास पर आप किसी बहुत बड़े कार्यक्रम का आयोजन करने लगते हैं जैसे-जैसे आयोजन शुरू हुआ वैसे-वैसे उनका रंग-रूप देखने को मिले। आप ही सोचिए जो यह बोल रहे हैं कि आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है वही लोग आज यह बात बोलते हैं। कि कार्यक्रम का क्या है ये तो होते रहता हैं हम आ जाएगे। आप मुझे मुख्य अतिथि बनाए और सम्मानित करे देखिए हम जरूर आएगे। ऐसी बाते सुनकर मनोबल टूटा नही बल्कि यह अच्छे से समझ आया कि लोग सभी मतलबी स्वभाव के होते हैं, हर इंसान के कई चेहरे होते हैं और वो हर बार एक नए चेहरे के साथ आपसे मिलते है खुद की कही बात को भी भूल जाते हैं और फिर



बनावटी बातों से उत्साहित करते है आखिर वो ऐसा क्यों करते है। अभी इतने धोखे से भी कहाँ कुछ हुआ। अभी और धोखा देना है इसलिए वो सबसे पहले कार्यक्रम की रूपरेखा को समझकर आपको कैसे पीछे कर सकते हैं इसपर ध्यान देते हैं। हर वो इंसान को गलत सूचना देते हैं जो शायद आपकी मदद कर सकें। यह ताज़ा-ताजा अनुभव हुआ। उसमे भी मनोबल नही टूटा कुछ अंजान जिन्हें दिल से अपना माना था फिर उनकी भी बारी आई थी। सभी को कार्यक्रम की जानकारी देकर उसकी इच्छा भी जानी थी। सबने अपनी हामी भारी उनसे सबसे कुल 13 लोगो की टीम बनी। इस बार यही उम्मीद जगाई थी कि सारे लोग मेरे अपने है, इनसे कहाँ ही कोई डर है। हर इंसान के कई चेहरे होते हैं शायद यह बात मैं भूल गई थी। हर बार सभी को फोन किया, बार-बार मैसेज भी किया। हर बैठक ने कुछ ना कुछ सीखा ही दिया और अपने-पराए का फर्क करना भी सीखा ही दिया। यह दुनिया मतलबी है, यहाँ हर लोग आपकी मदद नही करेगे लेकिन आलोचना करना भी नहीं छोड़ेगे। इसलिए अंत में ही शिक्षा मिली कि अपना हाथ जगन्नाथ। जो करना है अपने से ही करना है और यही उम्मीद, आशा के साथ अपने कार्यक्रम को आगे बढ़ना हैं। बस इसी क्रम के अनुसार दिन-प्रतिदिन हमलोग कार्यक्रम के नज़दीक आते जा रहे हैं। यह कार्यक्रम जैसा सोचा है वैसे ही कार्यक्रम को करवाना बाकि माँ सरस्वती की इच्छा और अंत में अपने प्यारे पाठकों को यही समझना चाहुँगी कि लोगो के स्वभाव, व्यक्तित्व को समझे और उनके हर चेहरे को पहचाने ।।

**एक इंसान के कई चेहरे होते हैं,**
**इसलिए हम पहचान नहीं पाते है,**
**और बार-बार धोखा खाते है,**
**समझो और सीखो,**
**इस दिखावटी दुनिया से,**
**और खुद को सतर्क करो।।**



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## देश दीवाने



देश दीवानों की टोली
निकली है अभियान पे
कर्तव्य निष्ठा के पथ का
ऐसा प्रचार प्रसार हो
हर कोई समझे जिम्मेवारी
हर कोई हो पहरेदारी
देश पर न्योछावर हो
सत्यता की राह हो
कर्तव्य पराकाष्ठा के बल पर
प्रगति का परचम लहराए
विश्व शिरोमणि बने भारत
ऐसा ध्येय निर्माण हो
आओ बनो देश दीवाने
कर्तव्य बोध से जोड़ जाओ
देश दीवानों की टोली
निकली है अभियान पे



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## नया और पुराना

किसी का भी कुछ मतलब नहीं
जब तक कि यह नया होगा
इसे समझने के बाद
यह पुराना हो जाता है...
यह बात है जीवन की हकीकत
यह सच है
जब तक आप समझ न लें
अपने जीवन में भ्रम
परिवार चलाते हैं
तो आपके लिए कौन सा?
यह नया जैसा था
इसे समझने के लिए
इसे अजमाएं अपने जीवन में
इसकी आदत डालने की जरूरत है।



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई
तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# फिरौती के लिए पड़ोसी युवकों ने रिशु का अपहरण के बाद कर दी थी हत्या

» घटना के बाद प्रतापपुर में आक्रोश, लोगों ने आरोपियों के घर पर की बुलडोजर चलाने की मांग







- संवाददाता -
प्रतापपुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

29 जनवरी को प्रतापपुर स्थित अपने घर से लापता चौथी कक्षा के छात्र की उसके पड़ोसी ने ही अपहरण कर अपने एक दोस्त की मदद से हत्या कर दी थी। हत्या के बाद दरिंदों ने छात्र की लाश को बोरे में भरकर जंगल में जला दिया था। इसके बाद से वे नगरवासियों व पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। इस मामले में पुलिस ने शक के आधार पर छात्र के पड़ोसी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो वह टूट गया और अपने दोस्त की मदद से हत्या कर शव जलाने की बात स्वीकार कर ली। यह खबर रविवार को जैसे ही नगरवासियों को पता चली, लोग उग्र हो गए। उन्होंने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। उग्र लोगों ने आरोपियों व उसके रिश्तेदार के कार, बाइक व पिकअप में तोडफ़ोड़ कर पिकअप को आग के हवाले कर दिया। तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है।

अशोक कुमार कश्यप प्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 4 का रहने वाला है। इसका 10 वर्षीय पुत्र रिशु कश्यप 29 जनवरी की शाम रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। पुलिस की अलग-अलग टीमें बालक की तलाश में जुटी हुई थीं। इसी बीच अशोक कश्यप के पास एक दिन अज्ञात शख्स ने फोन कर बेटे को अपने कब्जे में होना बताते हुए फिरौती की मांग की। इसके कुछ ही दिन बाद 14 फरवरी की रात अशोक कश्यप के घर में धमकी भरी एक चिट्ठी तथा फिरौती के कॉल करने में इस्तेमाल किया गया आई टेल कम्पनी का की पैड मोबाइल छोड़ा गया। चिट्ठी व मोबाइल जब्त कर पुलिस जांच में जुट गई। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अपहृत बालक के पड़ोसी शुभम सोनी उर्फ गोलू एवं विशाल ताम्रकर की गतिविधि घटना दिनांक से ही संदिग्ध है। दोनों के मोबाइल नम्बरों के सीडीआर का अवलोकन करने पर उन्हें तलब कर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने फिरौती के लिए बालक का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या करने का जुर्म कबूल लिया। इस पर पुलिस ने आरोपी शुभम सोनी उर्फ गोलू पिता कमलेश सोनी उम्र 26 वर्ष व विशाल ताम्रकार पिता राजेन्द्र ताम्रकार उम्र 28 वर्ष दोनों निवासी प्रतापपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ धारा 364, 302, 201 व 120 बी के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि फिरौती के लिए 29 जनवरी को बालक का प्रतापपुर कॉलेज रोड के पास से अपहरण कर बाइक से ग्राम करसी प्रेममारा जंगल ले गए। यहां रात होने पर बालक ने घर ले जाने की जिद की तो विशाल ताम्रकर ने डण्डा से उसके सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। फंसने के डर से दोनों ने जंगल में ही बाइक से पेट्रोल निकालकर पत्थरनुमा खोह में बालक के शव को जला दिया। इसके बाद घर वापस आ गए। दो दिन बाद फिर विशाल बुलेट से जंगल में गया और बालक की जले हुई हड्डियों के टुकड़ों को घटना स्थल के पास ही अलग-अलग जगह फेंक दिया था। 8 फरवरी को शुभम सोनी उर्फ गोलू अंबिकापुर गया था। इसी दौरान उसने लटोरी रोड पर एक व्यक्ति का मोबाइल लूट लिया। इसी लूट के मोबाइल से उसने अशोक कश्यप को फिरौती के लिए कॉल किया था। इसके बाद फिरौती के लिए धमकी भरी चिट्ठी लिखकर एवं मोबाइल को अशोक के घर में छोड़ दिया था। मोबाइल छोड़ने की मंशा ये थी कि पुलिस जांच में इसी मोबाइल के मालिक का नाम सामने आए और वे दोनों बच जाएं। पुलिस द्वारा आरोपियों की निशानदेही पर मृतक के कपड़ों का जला अवशेष, प्लास्टिक बोतल का अवशेष, 1 जोड़ी चप्पल, मृतक की खोपड़ी एवं शरीर के अन्य भागों के हड्डियों के जले अवशेष, घटना में प्रयुक्त डंडा व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किए गए हैं।

## बुलडोजर चलाने की मांग

रिशु हत्याकांड को लेकर प्रतापपुर में लगातार दूसरे दिन भी जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को पूरा नगर स्वस्फूर्त बंद रहा। नगरवासियों ने आक्रोश रैली निकालते हुए आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग के साथ ही उनके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की। लोगों ने इस संबंध में एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपा है। नगर में घटना को लेकर तनावपूर्ण स्थिति देखते हुए जगह-जगह बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

# सस्ते दर पर मोटरसायकल दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में तीन गिरफ्तार







- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

25 प्रतिशत सस्ते दर पर बाइक दिलवाने के नाम पर ग्रामीण से ठगी किए जाने के मामले में बतौली पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार बचू यादव ग्राम महनई थाना बगीचा जशपुर का रहनेवाला है। 14 फरवरी को थाना बतौली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2022 मे प्रार्थी को मोटरसायकल क्रय करना था जिसकी जानकारी यशवंत यादव कों प्राप्त हुई थी, जो यशवंत यादव प्रार्थी कों ग्राम महनई आकर बताया कि यशवंत यादव का एक कम्पनी मे जानपहचान हैं जहा मोटरसायकल 25 प्रतिशत सस्ते दर पर मिल जायगा। प्रार्थी कों सस्ते मोटरसायकल का झांसा देकर बतौली स्थित अंकन बजाज शो रूम ले जाकर अन्य आरोपियों से मिलकर 2 मोटरसायकल के लिए लगभग 45000 रुपए नगद एवं अलग अलग किस्तों मे कुल 110000 रुपये लिया गया। बाद मे प्रार्थी कों इंडसइंड बैंक से लोन का किस्त पेमेंट करने हेतु मैसेज आने पर यशवंत यादव एवं अन्य आरोपियों से सम्पर्क किया गया। जो किसी प्रकार की जानकारी नही दिए बाद मे पता करने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि यशवंत यादव एवं अन्य आरोपियों द्वारा 60000 रुपए रूपये मे 02 मोटरसायकल फाइनेंस कर बाकी बचे 50000 रुपए रुपये की धोखाधड़ी कारित कर ठगी किये हैं, प्रार्थी कों इंडसइंड बैंक मे खाता खुलने एवं लोन की जानकारी प्रदान नही की गई थी, प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बतौली में धारा 420, 34 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा आरोपियों का पता तलाश कर पकडक़र पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम दशरथ यादव उम्र 32 वर्ष साकिन दुंदु धौरपुर विपिन जायसवाल उम्र 29 वर्ष साकिन महावीरपुर का होना बताया, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं, आरोपी यशवंत यादव उम्र 42 वर्ष साकिन जगिया नवापारा थाना शंकरगढ़ जिला बलरामपुर कों प्रकरण मे माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम ज़मानत प्राप्त हुआ था प्रकरण मे उक्त आरोपी की भी गिरफ़्तारी की गयी हैं। कार्यवाही मे थाना बतौली से आरक्षक राजेश खलखो, अशोक भगत, पंकज शामिल रहे।

# कोयला खदान में घुसकर डकैती करने वाले चार और आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



सुरक्षा गार्ड को डरा धमका कर अमेरा कोयलाा खदान में घुसकर डकैती करने के मामले में लखनपुर पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार फेकू राम ग्राम कुंजनगर थाना जयनगर का रहने वाला है। वह अमेरा कोल खदान में कार्यरत है। वह 14 फरवरी को अमेरा कोयला खदान के कोयला स्टॉक में 11 से 12 व्यक्तियों द्वारा लाठी डंडा लेकर अंदर आकर सुरक्षा गॉर्ड कों जान से मारने की धमकी देते हुए ताम्बे का तार, कोयला एवं अन्य सामान की डकैती कारित किये हैं, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना लखनपुर मे आरोपियों के विरुद्ध अपराध 395 का अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया मामले में थाना लखनपुर पुलिस टीम द्वारा पूर्व में 1 विधि से संघर्षरत बालक समेत कुल 5 आरोपियों कों गिरफ्तार किया गया था, शेष आरोपियों के सम्बन्ध में मुखबीर तैनात किये गए थे, जो पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले में शामिल आरोपियों से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना नाम अमोल राजवाड़े उम्र 30 वर्ष साकिन चिलबिल लबझीयापारा लखनपुर सींग साय राजवाडे उम्र 50 वर्ष सांकिन चिलबिल पण्डोपारा लखनपुर गणेश राजवाड़े उम्र 43 वर्ष साकिन चिलबिल लखनपुर भोले राजवाडे उम्र 30 वर्ष साकिन परसोड़ी थाना लखनपुर का होना बताये,आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अमेरा कोयला खदान मे लाठी डंडा लेकर कोयला स्टॉक मे घुसकर ताम्बे का तार, कोयला एवं अन्य सामान की डकैती कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

## बाइक से गिरकर जख्मी महिला की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

बाइक से गिरकर एक वृद्धा गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोनकेल पति जगदेव राम उम्र 65 वर्ष ग्राम बरैली थाना करंजी की रहने वाली थी। वह रविवार को अपने भतीजा अजय देवांगन के साथ बाइक से ग्राम सोनपुर से अपने घर जा रही थी। भी रास्ते में वह बाइक से नीचे गिर गई थी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## किराए के मकान में रह रही युवती की फांसी पर लटकी मिली लाश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शंकरघाट के पास किराए के मकान में रह रही युवती की लाश कमरे में फांसी पर लटकी हुई मिली है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर मार्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सनिता पिता विनय उम्र 22 वर्ष चांदो थाना क्षेत्र के ग्राम नावाडीह कला की रहने वाली है। वह अंबिकापुर स्थित शंकर घाट निवासी रमजान के घर में किराए में रहती थी और संजय पार्क स्थित कैंटिंग के काम करती थी। वह रविवार को ड्यूटी नहीं गई थी। सोमवार की सुबह किराए के मकान में फांसी पर लटकी हुई उसकी लाश मिली है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के बिलासपुर चौक के पास सोमवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। वह पैदल अपने घर से




मजदूरी करने बिलासपुर चौक की ओर जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार अशोक राजवाड़े पिता जगेश्वर राजवाड़े उम्र 40 दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कनठी का रहने वाला था। वह मजदूरी कर परिवार का जीवन यापन करता था। सोमवार की सुबह घर से मजदूरी करने के लिए बिलासपुर चौक की ओर आ रहा था। तभी बिलासपुर चौक के समीप पीछे से ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। इससे उसका सिर ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मणिपुर पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और दुर्घटनाकारी वाहन पर अपराध दर्ज कर लिया है।

# महिला ने मां के साथ मिलकर पति का गला दबाकर कर दी हत्या,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केशवपुर में रविवार की रात घरेलु विवाद पर पति ने पत्नी को मार दिया था। इससे नाराज पत्नी ने अपनी मां के साथ मिलकर पति की पहले बेदम पिटाई की फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मां-बेटी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अनूप सिंह पिता शिवमंगल इ्क्षसह उम्र 36 वर्ष मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केशवपुर का रहने वाला था। इसकी सास श्याम बाई पिछले डेढ़ साल से बेटी दाबाद के साथ ही रह रही थी। रविवार की रात को घरेलु विवाद पर गुस्से में अनूप ने पत्नी आरती को मामूली मारपीट किया था। इससे पत्नी काफी नाराज हो गई। वह गुस्से में अपनी मां श्याम बाई के साथ मिलकर अपने पति की लात मुक्के से बेदम पिटाई की। इसके बाद भी जी नहीं भरा तो मां-बेटी ने उसका गला दबा दिया। शोर शराबे की आवाज सुनकर अनूप का भाई अकील मौके पर पहुंचा और अपने भाई को छुड़ाकर गंभीर स्थिति में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का भाई अकील इ्क्षसह ने घटना की जानकारी मणिपुर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी 24 वर्षीय आरती सिंह निवासी केशवपुर व सास श्याम बाई उम्र 45 वर्ष निवासी बिश्रामपुर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

## विशुनपुर ओड़गी सड़क चौड़ीकरण के आधे अधूरे कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
सुरजपुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शिवसेना सुरजपुर ने लो.नि. वि. सुरजपुर को ज्ञापन देकर विशुनपुर ओड़गी सड़क चौड़ीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की माँग की हैं, शिवसेना का कहना हैं कि मानपुर बाई पास चौक से अग्रसेन चौक सुरजपुर तक कई जगहों पर साइड सोल्डर का कार्य अधूरा हैं ठेकेदार द्वारा साइड सोल्डर के लिए गड्ढा करके छोड़ दिया गया हैं, जिसमे मुख्य रूप से ( न.पा.प. कार्यालय, नेहरू पार्क) के पास है साथ ही केतका रोड में ही कई जगहों पे नाली की गुंजाइश एवम आवश्यकता भी हैं, जिसे एक पखवाड़े में पूर्ण कराए जाने की मांग शिवसेना सुरजपुर द्वारा की गई हैं, अन्यथा पी.डब्ल्यू. डी. कार्यालय सुरजपुर का घेराव करके शिवसेना सुरजपुर द्वारा गंभीर आंदोलन छेड़ने की बात कही गई हैं, ज्ञापन सौपने में जिला प्रभारी माधव महतो,ब्लाक सचिव बलजीत सिंह मरकाम, संजय देवांगन, उमेश देवांगन, कर्म सिंह, मिंटू देवांगन, रामु जनवार, पंकज साहू,आदि शिवसैनिक उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में मनाया गया लोकरंग






**बलरामपुर , 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।** शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में 9 वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन लोकरंग 2024 मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने वर्चुअल रूप से जु कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के विभिन्न क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियां के लिए महाविद्यालय परिवार तथा क्षेत्र व राज्य के बुजुर्ग, महिला, बच्चे, किसान, श्रमिक एवं सभी वर्ग लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन की आगामी कार्य योजना से अवगत कराते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वार्षिक लोकरंग समारोह में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कर्मा, सुआ, झूमर जैसे पारंपरिक नृत्य, धार्मिक पौराणिक गीतों पर नृत्य, आधुनिक फिल्मी गीतों पर नृत्य, उत्साहवर्धक गीत, प्रेरणादायक नाटक, काव्य पाठ, गजल एवं भिन्न-भिन्न विधाओं में प्रस्तुति देकर दर्शक मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात् लोकरंग समारोह में कला प्रतियोगिता के 98, क्री I प्रतियोगिता के 150 एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के 85 प्रतिभागियों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। लोकरंग समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री एन.के. देंवागन ने महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया।इस अवसर पर जनपद पंचायत बलरामपुर के उपाध्यक्ष श्री भानुप्रकाश दीक्षित, गणमान्य नागरिक श्री ओम प्रकाश जायसवाल, दीनानाथ यादव, श्री दिलीप सोनी, श्री गोपाल कृष्ण मिश्र तथा महाविद्यालय के समस्त प्राचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज ने रचा इतिहास
# पंजाब प्रांत की पहली महिला सीएम चुनी गईं



इस्लामाबाद, 26 फरवरी 2024। पाकिस्तान के पूर्व सीएम नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम चुनी गई हैं। इसके साथ ही मरयम नवाज ने इतिहास रच दिया है क्योंकि मरयम नवाज पंजाब की पहली महिला सीएम हैं। मरयम नवाज को 220 वोट मिले और उन्होंने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार राना आफताब अहमद को हराया। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के सदस्यों ने वोटिंग का बहिष्कार किया, ऐसे में राना आफताब अहमद को कोई वोट नहीं मिला।

### आसानी से जीतीं मरयम नवाज

संख्याबल के हिसाब से मरयम नवाज का पंजाब की सीएम बनना तय था। पंजाब असेंबली के स्पीकर मलिक अहमद खान ने पहले ही साफ कर दिया था कि सिर्फ सीएम पद को लेकर मतदान होगा और असेंबली के किसी सदस्य को बोलने का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके बाद हुए मतदान में मरयम नवाज ने आसानी से जीत हासिल की। इससे पहले पंजाब असेंबली के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें 371 सदस्यों में से 321 सदस्यों ने शपथ ली। पंजाब असेंबली के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव में भी नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को ही जीत मिली। पीएमएल-एन के मलिक मोहम्मद अहमद खान स्पीकर चुने गए और उन्हें 224 वोट मिले। वहीं मलिक जहीर चानेर को डिप्टी स्पीकर चुना गया, जिन्हें 220 वोट मिले।

### 2012 में राजनीति में उतरीं थी मरयम नवाज

मरयम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरयम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरयम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरयम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

# नेतन्याहू ने युद्धविराम वार्ता जारी होने के बावजूद राफ़ा में सैन्य अभियान को बताया जरूरी



तेल अवीव ,26 फरवरी 2024।इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ चल रहे युद्ध में जीत सुनिश्चित करने के लिए राफा में सैन्य अभियान जरूरी है।

बीती रात हिब्रू मीडिया से बात करते हुए पीएम नेतन्याहू ने कहा कि एक बार जब इजराइली सेना राफा में ऑपरेशन शुरू कर देगी तो युद्ध कुछ ही हफ्तों में पूरी जीत के साथ खत्म हो जाएगा

इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, हम हार नहीं मानेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि इजऱाइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास की 24 बटालियनों में से 18 को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि चार बटालियन राफा में केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि पूरी जीत सुनिश्चित करने और युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए इन बटालियनों का ध्यान रखना होगा।


इजराइली प्रधानमंत्री का बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका, कतर और मिस्र की मध्यस्थता में अस्थायी युद्धविराम व इजराइली बंधकों की रिहाई के लिए वार्ता चल रही है।

इस बीच, आईडीएफ ने राफा से फिलीस्तीनी नागरिकों को निकालने और मिस्र की सीमा के पास गाजा में हमास बटालियनों को नष्ट करने की अपनी योजना युद्ध कैबिनेट के सामने प्रस्तुत की।

इजऱाइल के प्रधान मंत्री के कार्यालय ने एक बयान में कहा, इजऱाइल युद्ध कैबिनेट ने गाजा पट्टी को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए रविवार देर रात एक योजना को मंजूरी दे दी है।

गौरतलब है कि राफा क्षेत्र में 1.3 मिलियन से अधिक फिलिस्तीनी हैं, इनमें से कई गाजा के उत्तर में आईडीएफ की बमबारी से बचने के लिए इस क्षेत्र में भाग गए थे।

# ट्रंप राष्ट्रपति बने तो ये दो उम्मीदवार हो सकते हैं उपराष्ट्रपति पद के दावेदार, हाल ही में मिले थे संकेत



वाशिंगटन, 26 फरवरी 2024। अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी से डोनाल्ड ट्रम्प तीसरी बार नामांकन के लिए तैयार दिख रहे हैं। वहीं, भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बन सकते हैं। उनके अलावा, दक्षिण डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम का नाम भी इस लिस्ट में शुमार है। हाल ही में एक सवाल के जवाब में डोनाल्ड ट्रंप ने इन दोनों के ही नाम की पेशकश की थी। ट्रंप ने इन दोनों के अलावा उपराष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप ने चार और नाम सुझाए थे।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस या सीपीएसी में शनिवार को वाशिंगटन के बाहर चार दिवसीय सभा के अंत में घोषित स्ट्रॉ पोल में कहा गया कि नोएम और रामास्वामी दोनों ने स्ट्रॉ पोल में 15 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। जिसके बाद दोनों के बीच कड़ी प्रतिद्वंदिता है।

शुरुआत में विवेक रामास्वामी ने अमेरिका में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। हालांकि जनवरी के आयोवा कॉकस में चौथे स्थान पर रहने के बाद दौड़ से बाहर हो गए थे। जिसके बाद उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था और ट्रंप का समर्थन किया था।

### इन छह संभावित उम्मीदवारों का लिया नाम

ट्रंप बीते मंगलवार को फॉक्स न्यूज के टाउन हॉल में भाग ले रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम की होस्ट ने उनसे उपराष्ट्रपति पद के छह संभावित उम्मीदवारों के बारे में पूछा। इस पर पूर्व राष्ट्रपति ने साउथ कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसैंटिस, हवाई की पूर्व प्रतिनिधि तुलसी गबार्ड, भारतीय-अमेरिकी बायोटेक उद्यमी विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा के गवर्नर क्रिस्टी नोम का नाम लिया।

### दौड़ से पीछे हटने को तैयार नहीं हेली

वहीं, आयोवा कॉकस में डेसैंटिस दूसरे स्थान पर थे। राष्टपति पद की दौड़ से बाहर होने से पहले डेसैंटिस और ट्रंप ने एक साल तक एक-दूसरे पर खूब हमले बोले थे। हालांकि, आयोवा कॉकस के परिणामों के बाद डेसैंटिस ने ट्रंप को समर्थन दिया है। वहीं, ट्रंप ने भी उनपर हमले करना बंदर दिया है। वहीं, निक्की हेली की बात करें तो उन्होंने राष्टपति पद की उम्मीदवारी वापस लेने से इनकार किया है। साउथ कैरोलिना में उन्होंने व्हाइट हाउस की दौड़ में बने रहने का संकल्प दोहराया। इस दौड़ में ट्रंप अभी उनसे बहुत आगे चल रहे हैं।



# साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त; फेलेटी टेओ बने तुवालु के नए प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, 26 फरवरी 2024। साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है।

एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे।

### साद अहमद वराइच बने भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

हिंद प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तुवालु में फेलेटी टेओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। तुवालु के संसदीय सदस्यों ने पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टेओ को देश का अगला पीएम चुना। शीर्ष पद के लिए नामांकन करने वाले फेलेटी टेओ एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें निर्विरोध पीएम चुन लिया गया। तुवालु के पूर्व पीएम कोसिया नातानो की 26 जनवरी को हुए चुनाव में हार हुई थी। नातानो ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के पक्ष में थे। नातानो की हार के साथ ही तुवालु की ताइवान को लेकर नीति पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। फेलेटी टेओ और उनकी कैबिनेट का शपथ ग्रहण इस हफ्ते के अंत तक हो सकता है।

# इमरान खान की पार्टी पीटीआई का यू-टर्न, बैरिस्टर गौहर को फिर बनाया चेयरमैन



इस्लामाबाद, 26 फरवरी 2024। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने यू-टर्न लेते हुए बैरिस्टर गौहर खान को फिर से पार्टी का चेयरमैन नियुक्त किया है। पार्टी ने पहले बैरिस्टर अली जफर को चेयरमैन नियुक्त किया था। बैरिस्टर गौहर खान (45 वर्षीय) को बीते साल दिसंबर में भी पार्टी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। हालांकि पार्टी के संगठन चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती दी गई। कोर्ट ने पीटीआई के आंतरिक चुनाव को रद्द कर दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया गया। इसके बाद गौहर खान पार्टी के अध्यक्ष पद से हट गए थे।

### अली जफर के इनकार के बाद गौहर खान बनेंगे चेयरमैन

बीते हफ्ते गौहर खान ने एलान किया कि पार्टी के नए चेयरमैन बैरिस्टर अली जफर होंगे और उन्हीं की देखरेख में 3 मार्च को पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने पार्टी का चेयरमैन बनने से इनकार कर दिया। ऐसे में बैरिस्टर गौहर अली ने फिर से पार्टी के चेयरमैन बनने के लिए नामांकन किया। बैरिस्टर गौहर खान को पीटीआई चीफ इमरान खान ने नामांकित किया था, ऐसे में उनकी जीत तय मानी जा रही है। पीटीआई चेयरमैन की पोस्ट बीते एक महीने से ज्यादा समय से खाली पड़ी है और पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अब पार्टी के आंतरिक चुनाव होने हैं। आंतरिक चुनाव के उम्मीदवारों को 23 और 24 फरवरी को नामांकन करना था और 25 फरवरी तक नामांकन की छंटनी होनी है। 27 फरवरी को नामांकन पत्र फाइनल होंगे। 3 मार्च को पाकिस्तान के चारों राज्यों में पार्टी मुख्यालयों में मतदान होगा।

### पार्टी नेताओं ने बैरिस्टर गौहर खान को लेकर उठाए थे सवाल

पीटीआई के वरिष्ठ नेता शेर अफजल मरवत ने दावा किया था कि गौहर को खराब प्रदर्शन के चलते उनके पद से हटाया गया। अब पार्टी ने शेर अफजल मरवत को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके दावे पर जवाब मांगा है। पाकिस्तान आम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की है। पीएमएल-एन नवाज और पीपीपी ने गठबंधन में सरकार बनाने को लेकर समझौता किया है।

## रूस के आक्रमण के बाद से 31 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए : ज़ेलेंस्की

कीव ,26 फरवरी 2024। राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि दो साल पहले रूस के आक्रमण करने के बाद से लगभग 31 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। राष्ट्रपति ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इस युद्ध में 31 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि वह घायलों की संख्या नहीं बताएंगे, क्योंकि इससे रूसी सैन्य योजना को मदद मिलेगी। युद्ध में व्यापक नुकसान के बारे में यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के क्षेत्रों में हजारों नागरिक मारे गए, लेकिन सही संख्या अज्ञात है। मुझे नहीं पता कि उनमें से कितने मरे, कितने मारे गए, कितनों की हत्या की गई, यातनाएं दी गईं, कितनों को निर्वासित किया गया। अमेरिकी अधिकारियों पिछले साल अगस्त में मारे गए यूक्रेनी सैनिकों की संख्या 70 हजार बताई थी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर में 554 अमृत भारत स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों एवं 1500 रोड ओवरब्रिज-अंडरपास का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**» योजना में शामिल अम्बिकापुर स्टेशन में यात्रियों के लिए बढ़ेंगी सुविधाएं, स्टेशन का होगा आधुनिकीकरण**

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

2047 के विकसित भारत का विकसित रेल के अंतर्गत देश में रेल विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों के महत्वपूर्ण कड़ी में सोमवार 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 महत्वपूर्ण स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास तथा 1500 रोड ओवरब्रिज-अंडरपास का लोकार्पण और शिलान्यास वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस दौरान पूरे देश में रेलवे की 41 हज़ार करोड़ से अधिक परियोजनाओं के कार्यों की शुरुआत की गई है। जिले में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

योजना के तहत अम्बिकापुर स्टेशन में 8.77 करोड़ रुपए की लागत से उन्नयन तथा आधुनिकीकरण के कार्य किए जायेंगे। पुनर्विकास के बाद सभी स्टेशनों पर रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव होगा। स्टेशन पर उन्नत व आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेटिंग हॉल, स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन के अनुकूल सुविधाएं, स्थानीय कला और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के डिजाइन तथा स्वरूप का उन्नयन, सहित स्टेशन परिसरों को मनमोहक स्वरूप दिया जाएगा। रेलवे स्टेशन सिटी के दोनों तरफ जुड़कर सिटी सेंटर की तरह विकसित किए जायेंगे। स्टेशन स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक केंद्र बनेगा, जहाँ यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ रोजगार बढ़ने की व्यापक संभावना विकसित होगी जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पहली कड़ी में 554 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला अगस्त 2023 में रखी जा चुकी है जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अकलतरा व बिलासपुर स्टेशन शामिल रहे, अब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत शेष 15 स्टेशनों ब्रजराजनगर, बेलपहाड़, रायगढ़, बाराद्वार, चांपा, कोरबा, जांजगीर-नैला, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, बैकुंठपुर व अम्बिकापुर स्टेशनों में व्यापक प्रस्तावित विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत ओवरब्रिज, अंडरपास का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। बिलासपुर मंडल के 21 फाटकों में 177.43 करोड़ रुपए की लागत से अंडरपास का निर्माण, 25 फाटकों में 673.88 करोड़ रुपए की लागत से रोड ओवरब्रिज का निर्माण तथा 181.66 करोड़ रुपए की लागत से 15 स्टेशनों में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास सहित कुल 1032.97 करोड़ रुपए का कार्य शामिल है।

ज्ञात हो कि रेल विकास के लिए 2024-25 केंद्रीय अंतरिम बजट में रेलवे को 2,52,000 करोड़ रुपए का बजट आबंटित किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के लिए रिकार्ड 6896 करोड़ रुपए का आबंटन शामिल है।

मैनपाट महोत्सव 2024 समापन समारोह

# प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका पलक मुच्छल की सुरीली आवाज से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक,पलाश मुच्छल ने भी खूब जमाया रंग

**स्थानीय गायकों ने भी दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी**














- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मैनपाट महोत्सव 2024 के समापन समारोह की शाम में सुरों की महफ़िल सजी जहां प्रसिद्ध बॉलीवुड गायकों, स्थानीय गायकों ने अपने आवाज का जादू बिखेरा और देर शाम हजारों की संख्या में दर्शक महोत्सव स्थल पर डटे रहे। मैनपाट महोत्सव में बॉलीवुड गायिका पलक मुच्छल ने अपनी सुरीली आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने कौन तुझे यू प्यार करेगा, चाहूं मैं या ना जैसे लोकप्रिय गानों पर दर्शक झूमे, वहीं संगीत निर्देशक पलाश मुच्छल ने भी बॉलीवुड गानों की धुन से खूब रंग जमाया।

मैनपाट महोत्सव के अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर ने भी पुराने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी। स्थानीय गायक स्वप्नील जायसवाल ने मेरे घर राम आए हैं... गीत को अपने अनोखे अंदाज में छतीसगढ़ी में गाकर सभी का दिल जीता। शास्त्रीय गायक प्रदीप चौबे एवं टीम की मनमोहक प्रस्तुति तथा गायक अमित ओझा ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर माहौल खुशनुमा बनाया।

# घटती-घटना की खबर का असर कहें या खबर के बाद का इनाम कहें

# कोरिया से हटाकर प्रभारी डीपीएम को बनाया गया सूरजपुर का प्रभारी डीपीएम?

### क्या चाचा का मिला भतीजे को आशीर्वाद..छोटा जिला छोड़ बड़े जिला के प्रभारी डीपीएम बनाए गए भतीजे, क्या चाचा भी चाहते हैं की फजीहत उनकी होती रहे?

### कोरिया जिले जैसे छोटे जिले के बाद अब बड़े जिले के होंगे प्रभारी डीपीएम डॉक्टर प्रिंस जायसवाल

### सूरजपुर जिले में भी क्या वह स्वास्थ्य विभाग का करेंगे बंटाधार?

### अंततः हटाए गए संविदा डीपीएम प्रिंस जायसवाल हालाकि वहां और मलाई है

### स्वास्थ्य मंत्री ने दंड दिया या उपहार यह सवाल भी पैदा होता है क्योंकि वह इस जिले से बड़ा जिला है?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/पटना, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



अंततः घटती-घटना के लगातार खबर प्रकाशन के बाद कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को जिले से हटा दिया गया है लेकिन उन्हे सूरजपुर जिले का प्रभारी डीपीएम बनाया गया है यह उनके लिए दंड है या इनाम यह सोचने वाली बात है? कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग को वेंटीलेटर पर डालकर मर्णावस्था में छोड़ने वाले जिले के प्रभारी डीपीएम ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को इस कदर बर्बाद किया की जिले का नाम स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर काफी उजागर हुआ। अब उन्हे सूरजपुर भेजा गया है जो कोरिया जिले से बड़ा जिला है और जहां उन्हे और अवसर मिलेंगे भ्रष्टाचार के यह कहना गलत नहीं होगा वहीं अब इस आदेश के बाद यह भी तय हो गया की भ्रष्टाचार के मामले में नई सरकार का जीरो टॉलरेंस केवल जुमला मात्र है और इसके अलावा कुछ नहीं। वही क्षेत्रवासी घटती घटना की खबर का बड़ा असर मान रहे है, कोरिया के प्रभारी डीपीएम जिन्हे कोरिया कलेक्टर ने नोटशिट पर डीपीएम का प्रभार दिया था, उसके उनके स्वास्थ्य मंत्री चाचा ने घटती घटना की खबर पर लगातार हो रही किरकिरी के बाद कोरिया से तो हटा दिया, परन्तु उन्हे और बड़ा जिला सुरजपुर का प्रभारी डीपीएम बना दिया है। वहीं चाचा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भतीजे को कोरिया से हटाकर अपने पास सुरजपुर में ही स्थानांतरीत कर दिया गया है। तय है पूरे खेल मे भ्रष्टाचार की जीत हुई है।




### क्या भाजपा सरकार में भ्रष्टाचारियों को दंड की जगह इनाम मिलगा?

अब उन्हे सूरजपुर भेजा गया है जो कोरिया जिले से बड़ा जिला है और जहां उन्हे और अवसर मिलेंगे भ्रष्टाचार के यह कहना गलत नहीं होगा वहीं अब इस आदेश के बाद यह भी तय हो गया की भ्रष्टाचार के मामले में नई सरकार का जीरो टॉलरेंस केवल जुमला मात्र है और इसके अलावा कुछ नहीं। अब कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम छोटे से कोरिया जिले की स्वास्थ्य विभाग को सद्गति प्रदान कर बड़े जिले सूरजपुर के प्रभारी डीपीएम होंगे और वहां वह किस तरह स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने का काम करेंगे यह कोरिया जिले के उनके पूरे कार्यकाल को देखकर समझा जा सकता है। वैसे राजनीति भी बड़ी अजीब चीज होती है चुनावों के वक्त जो विपक्ष तत्कालीन सरकार को हटाने और उसके कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करने की कसमें जनता के सामने खाती है,भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने की बात करती है उनके पूर्व कार्यकाल की जांच करने की बात करती है वही विपक्ष सत्ता में वापसी के बाद भ्रष्टाचारियों के साथ हो जाती है और तब उनकी रिश्तेदारियां समाने आने लगती हैं और भ्रष्टाचारियों को दंड की जगह इनाम मिलने लगता है और उन्हे पदोन्नति मिलती है दंड और उनके कार्यकाल की जांच का मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ऐसा ही कुछ कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम के मामले में भी कहा जा सकता है।

### क्या प्रभारी डीपीएम बनकर डॉक्टर प्रिंस जायसवाल अपना खेल खेलेंगे और वहा भी उन्हे रोकने वाला कोई नहीं होगा...चाचा का संरक्षण उन्हे मिलना तय?

जब कांग्रेस की प्रदेश में सरकार थी और जब कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में जमकर भ्रष्टाचार मचा हुआ था कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान जब स्वास्थ्य विभाग में केवल लूट मची हुई थी फर्जी भर्तियां हो रही थीं तब उस समय का विपक्ष कार्यवाही की मांग करता था संबंधित लोगों पर और जांच की मांग करता था और आज जब उन्हे जनता ने उनके वादे अनुरूप सत्ता प्रदान कर दी है वह सब कुछ भूलकर ऐसे लोगों को प्रोत्साहन दे रहे हैं उन्हे पदोन्नत कर रहे हैं जिनके कारण पूरी व्यवस्था पर भ्रष्टाचार का दाग लग चुका था। खैर कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग को एक राहत मिल सकी है और एक ऐसा अधिकारी जिले से बाहर भेज दिया गया है जिसकी कार्यप्रणाली आरंभ से ही जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेपटरी करने की थी और जो उसने किया भी अब सूरजपुर जिले के लोग जाने और वहां का स्वास्थ्य विभाग की जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था ऐसे लोगों के भरोसे उज्जवल होगी बेहतर होगी या फिर कोरिया जिले की तरह बेपटरी होगी। सुरजपुर जिला कोरिया जिले की अपेक्षा बड़ा जिला है, जिले का क्षेत्रफल भी बड़ा है अब बड़े जिले में प्रभारी डीपीएम स्वास्थ्य विभाग बनकर डॉक्टर प्रिंस जायसवाल अपना खेल खेलेंगे और जहां भी उन्हे रोकने वाला कोई नहीं होगा क्योंकि चाचा का संरक्षण उन्हे मिलना तय है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन डायरेक्टर ने जारी आदेश कोरिया प्रभारी डीपीएम को सुरजपुर के प्रभारी डीपीएम के रूप में कार्य करने के लिए निर्देशित

जानकारी के अनुसार राज्य के राष्टीय स्वास्थ्य मिषन के मिशन डायरेक्टर ने जारी आदेश क्रमांक एनएचएम/एचआर/2024/ 2087/ 4186 नवा रायपुर दिनांक 23 फरवरी में कोरिया में प्रभारी डीपीएम डॉ प्रिंस जायसवाल को सुरजपुर जिले के प्रभारी डीपीएम के रूप में कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। और दूसरे आदेश में सुरजपुर के डीपीएम गणपत कुमार नायक को कोरिया जिले का डीपीएम बनाया है। घटती घटना लंबे समय से कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में अक्टूबर वर्ष 2022 से हो रही वित्तीय अनियमितताओं को लेकर खबरों का लगातार प्रकाशन कर रहा है। कांग्रेस के सरकार में हुए घोटले पर सीएमएचओ और प्रभारी डीपीएम की मिली भगत से जमकर वित्तीय अनियमितताएं बरती गई, विभाग ने आरटीआई के तहत जानकारी देने के इंकार कर दिया, सीटी स्कैन मशीन से लेकर तमाम खरीदी संदेह के दायरे में है, कांग्रेस सरकार बदली, भाजपा सरकार आई परन्तु कार्यवाही में वही ढाक के तीन पात। फिर अचानक मनेन्द्रगढ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को प्रदेश का स्वास्थ्य मंत्री बना दिया गया, तय था कि कार्यवाही करने के बजाय ये अपनी रिष्तेदारी निभाएगें, घटती घटना इस बात पर पूरा जोर दे रहा था, कि देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस तरह से भ्रष्टाचार पर लगातार प्रहार कर रहे है, वहीं जिस श्याम बिहारी जायसवाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी टीम में शामिल कर उन्हें राज्य का स्वास्थ्य मंत्री बनाया ताकि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ खडे रहेगें, जबकि स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यवाही के बजाय भ्रष्टाचार में शामिल अपने भतीजे का प्रभारी डीपीएम बना कर भेज दिया।

### भर्ती,खरीदी, वाहन किराया मामला कई मामले हैं जिनकी हो जांच तो खुल जायेगी पोल डीपीएम का भ्रष्टाचार आएगा सामने


कोरिया जिले में कई वर्ष तक प्रभारी डीपीएम स्वास्थ्य विभाग रह चुके डॉक्टर प्रिंस जायसवाल के कार्यकाल की यदि जांच की जाए तो भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर हो सकते हैं जिनमे एन एच एम के अंतर्गत की गई भर्तियां,खरीदी, वाहन किराया मामले में किया गया भ्रष्टाचार प्रमुख है। कोरोना काल में भी इनका नाम काफी सुर्खियों में बना रहता था और जीवन रक्षक दवाइयों मामले में भी भ्रष्टाचार की खबरें प्रकाशित हुई थीं,लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी इनकी तूती बोलती थी और कोई इनके विरुद्ध जांच कर पाने में खुद को सक्षम नहीं पा सका। वैसे अभी भी इनके पूरे कार्यकाल की जांच हो सके तो पता चल जायेगा की कैसे इन्होंने स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाकर रखा था और कैसे इनके बिना जिले में कोई भी आदेश जारी नहीं होता था विभाग में।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में भी भ्रष्टाचार से नहीं पीछे हटे कोरिया जिले के प्रभारी डीपीएम जबकि केंद्र सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कर रही काम

वास्थ्य विभाग में डीपीएम का पद राष्टीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत एक जिम्मेदार पद है। केंद्र सरकार राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के जरिए स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर करने का काम करती है राज्यों में जिसके लिए केंद्र सरकार ने राज्यों में इसे मिशन स्वरूप स्थान दिया हुआ है एक विभाग अलग बनाकर रखा हुआ है। केंद्र की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है वहीं यदि राष्टीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कोरिया जिले में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों का कार्यकाल और उनकी कार्यप्रणाली उनकी पिछ्ली कारस्तानी देखी जाए तो देखा जायेगा की इन्हे केंद्र सरकार के जीरो टॉलरेंस मामले का भी भय नहीं था और यह भ्रष्टाचार करते रहे और केंद्र की स्वास्थ्य मामलों की योजना में सेंध लगाते रहे। वैसे मामले में केंद्रीय एजेंसियों को भी ध्यान देना चाहिए की भ्रष्टाचार केवल कोयला,शराब,सहित चिटफंड,गोबर सहित कई मामलों में ही नहीं हुआ है,भ्रष्टाचार सबसे ज्यादा कहीं हुआ है तो स्वास्थ्य विभाग में हुआ है जिसकी सही जांच की जाए तो जेल भी कम पड़ जायेंगे क्योंकि इनकी संख्या अधिक होगी।

### और बड़े जिले में होगा भ्रष्टाचार

कोरिया के सीएमएचओ और प्रभारी डीपीएम के कारनामों की फेहरिस्त काफी लंबी है। परन्तु अभी स्वस्थ्य मंत्री ने सिर्फ अपने भतीजे को इसके लिए इनाम दिया है, उन्होने दो ब्लाक के कोरिया जिले से उसे हटाकर 6 ब्लाक वाला बड़ा जिला सुरजपुर इनाम में दे दिया है। हर कोई हैरान है कि इससे लोगों में यही संदेष दिया जा रहा है कि भ्रष्टाचार में स्वास्थ्य मत्री का पूरा सहयोग प्राप्त है।



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़
तृतीय तल, स्वास्थ्य भवन, सेक्टर-19 (नार्थ ब्लॉक)
नवा रायपुर, अटल नगर, पिन-492002 (छत्तीसगढ़)
दूरभाष-0771-2511287, 0771-2511286, ई-मेल office.mdnrhm@gmail.com

पत्र क्र./NHM/HR/2024/2087/4186 — नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23/02/2024

//आदेश//

एतद् द्वारा डॉ. प्रिंस जायसवाल, प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक (संविदा), कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-कोरिया (छ.ग.) को प्रशासकीय आधार पर तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश पर्यन्त तक प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक (संविदा), कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) में कार्य करने हेतु आदेशित किया जाता है।
(शासन के नियमों/निर्देशों के अध्यधीन)

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़

पृ.क्र./NHM/HR/2024/2087/4186 — नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23/02/2024
प्रतिलिपि :-
4. अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर।
5. संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
6. कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला- सूरजपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
7. कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला- कोरिया (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
8. संयुक्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
9. संयुक्त संचालक (वित्त), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
10. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-सूरजपुर एवं जिला-कोरिया (छ.ग.) की ओर संबंधित को कार्यमुक्त किये जाने के संबंध में सूचनार्थ।
11. राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
12. संबंधित की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
13. कार्यालयीन प्रति।

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़




### क्या सूरजपुर में भी प्रभारी डीपीएम बनकर डॉक्टर प्रिंस स्वास्थ्य मंत्री को अपना चाचा बताकर करेंगे मनमानी,या नए जिले में रुकेगी उनकी कारस्तानि?

कोरिया जिले से स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम को सूरजपुर जिले भेजा गया है। वहां भी वह प्रभारी डीपीएम बनकर काम करेंगे। अब देखना यह है की क्या वहां भी वह स्वास्थ्य मंत्री को अपना चाचा बताकर मनमानी करते रहेंगे या फिर उनकी मनमानी वहां कोई रोकने वाला होगा। अब नए जिले में उनकी कार्यप्रणाली क्या होगी इस पर भी घटती घटना की पूरी नजर होगी और समय समय पर गलतियां उजगार की जाती रहेंगी यह घटती घटना अपनी निष्पक्ष लेखनी के हिसाब से सुधि पाठकों से वादा करता है।

### नर्सिंग कालेज को नही हो कोई परेशानी

प्रभारी डीपीएम प्रिंस जायसवाल अपनी पत्नी को संचालक बता कर बैकुंठपुर में नर्सिंग का संचालन करता है, खुद के स्थानांतरण को लेकर बीते लंबे समय से रायपुर में डटा हुआ था, और अंत में स्वास्थ्य मंत्री को समझाने में सफल हो गया। स्वास्थ्य मंत्री ने संसदीय क्षेत्र छोड सरगुजा संसदीय क्षेत्र में कोरिया के बगल में उसका स्थानातरण कर दिया, जिससे उसे नर्सिंग कालेज को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो सके।

### कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम अब सूरजपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम होंगे

कोरिया जिले में प्रभारी बनकर स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम की जिम्मेदारी निभा रहे डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को सूरजपुर जिले का प्रभारी डीपीएम बना दिया गया है। राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक ने इस आशय का आदेश जारी किया है और डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को सूरजपुर जिले का प्रभारी डीपीएम नियुक्त किया है। कोरिया जिले में प्रभारी डीपीएम रहते हुए डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को लेकर कई ऐसे मामले सामने आए जिनमे उनकी दोषपूर्ण कार्यप्रणाली स्पष्ट नजर आई लेकिन जब कांग्रेस की सत्ता थी तब उन्हे तत्कालीन विधायकों का साथ मिला हुआ था वहीं जब सत्ता परिवर्तन हुआ तब प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को ही वह चाचा बताने लगे और जिसके बाद उन्हें रोकने टोकने का हिम्मत करने वाला कोई नहीं था और वह मनमानी करते रहे।।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का किया शुभारंभ

**राजधानी रायपुर में 4.33 करोड़ रुपए की लागत से बनी है अत्याधुनिक प्रयोगशाला, माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला प्रारंभ होने से खाद्य पदार्थो को दूषित करने वाले बैक्टीरिया, फंगस, यीस्ट, मोल्ड आदि की हो सकेगी जॉच, छत्तीसगढ़ शासन लोगों को गुणवत्ता पूर्ण सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने है प्रतिबद्धः स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल**

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़/रायपुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजकोट से राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी में स्थित छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ही समय में देश के विभिन्न शहरों में अनेक लोकार्पण और शिलान्यास कर नई परंपरा की शुरूआत की। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे ही तेज गति से कार्य कर विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के



लिए दृढ़ संकल्पित है। हम प्रत्येक नागरिक को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। बेहतर स्वास्थ्य की संकल्पना पूरी हो सके इसके लिए यह लैब खाद्य सुरक्षा के लिए एक कवच का काम करेगी। कार्यक्रम में विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्रीमती रेणु. पिल्ले, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक सोनी, एमडी एनएचएम डॉ. जगदीश सोनकर, आयुक्त नगर निगम अबिनाश मिश्रा, उप सचिव भारत सरकार श्री पुलकेश, एफएसएसएआई के अधिकारी शरद राव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

दिसंबर 2006 से कालीबाड़ी रायपुर स्थित नवीन भवन में खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमें आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा माइक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात दी गई। यह प्रयोगशाला खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की अतिरिक्त वित्तीय सहायता 4 करोड़ 33 लाख रूपए से तैयार की गई है। यह प्रदेश की प्रथम खाद्य माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला है। खाद्य पदार्थों एवं पेयजल को हानिकारक सूक्ष्म-जीवाणुओं द्वारा दूषित कर दिया जाता है, जिससे जन-सामान्य को कई तरह की बीमारियां होने की संभावना रहती है। खाद्य जनित बीमारियॉ जैसे उल्टी, डायरिया, टाईफाईड, बुखार, हैजा, त्वचा संबंधित बीमारियां आदि होती है। पूर्व में प्रयोगशाला में रासायनिक परीक्षण, हैवी मैटल, पेस्टीसाईड, विटामिन्स की परीक्षण होती थी, परन्तु माईक्रोबायोलॉजिकल मानकों की जॉच नहीं होती थी। अब आधुनिक मशीनों से सुसज्जित माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला प्रारंभ होने से खाद्य पदार्थो को दूषित करने वाले बैक्टीरिया, फंगस, यीस्ट, मोल्ड आदि की जांच हो सकेगी।

## अब ऐसा दिखेगा बैकुंठपुर रोड रेल्वे स्टेशन, पीएम मोदी आज करेंगे कार्य का शुभारंभ

-संवाददाता-
कोरिया, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

देश के प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी आज सोमवार को 554 रेलवे स्टेशनों में विभिन्न कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे उनके साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित रहें। इस बारे में प्राप्त जानकारी के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 10.30 बजे अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण करेंगे। बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन में भी इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य नागरिको को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव,रेल कोयला एवं खान राज्य मंत्री भारत सरकार राव साहेब पाटिल दानवे एवं रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री भारत सरकार श्रीमती दर्शना जरदोश भी शामिल होंगे।



बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के प्रबंधक जेके जेना ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है। ज्ञात हो कि केन्द्र की मोदी सरकार ने देश भर में चिन्हित रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास कार्यो का बीड़ा उठाया है जिसके तहत बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन भी शामिल है,इस योजना के तहत स्टेशन को नया स्वरूप प्रदान किया जा रहा है साथ ही यात्रियों की सुविधा को ध्यान रखते हुए कई कार्य कराये जाने हैं जिसका शुभारंभ आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से किया।

# अवैध ईंट-भट्ठे पर लाखों ईंट जब्त करते हुए की गई कार्यवाही

-राजा मुखर्जी-
कोरबा, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
अवैध तरीके से जिले में चल रहे ईंट-भट्ठे के खिलाफ सोमवार को तहलीदार ने कार्यवाही की। तहसीलदार किशोर शर्मा ने नियम विपरीत चल रहे भट्ठे से लाखों के ईंटों को भी जब्त किया। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय नराईबोध के प्रवेश द्वार पर ही नियम विपरीत कई ईंट-भट्ठा संचालित है। जनपद पंचायत कटघोरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रलिया व ग्राम नराईबोध में दीपका तहसीलदार के द्वारा अवैध रूप से ईंट भट्ठा का संचालन करने वाले लोगों के ऊपर कार्यवाही की गई। कई लोगों के द्वारा अपने क्षेत्र में ईंट भट्ठा का संचालन बिना शर्तों एवं नियमों संचालन के किया जा रहा है, जिसको देखते हुए दीपका तहसीलदार किशोर शर्मा व उनकी टीम के द्वारा ईंट भट्ठा को जप्त कर प्रकरण बनाकर कार्यवाही किया गया व साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा को प्रेषित किया गया। वहीं जिला प्रशासन द्वारा की गई इस कार्यवाही से ईंट भट्ठों के आसपास के बस्तियों में उड़ने वाली धूल से लोगों को राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि खनिज माफिया पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रहा है।



## ईएसआईसी अस्पताल के खुलने से श्रमिकों को मिलेगा बेहतर उपचार को सुविधाएंः लखनलाल देवांगन

-संवाददाता-
कोरबा, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली ईएसआईसी अस्पताल कोरबा का किया लोकार्पण। डिंगापुर में नवनिर्मित इस अस्पताल के उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन भी शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का अस्पताल बन जाना बड़ी सौभाग्य की बात है। देश के प्रधानमंत्री ने कोरबा सहित अन्य स्थानों में अस्पताल का लोकार्पण किया है। कोरबा एक औद्योगिक जिला है और यहाँ बड़ी संख्या में श्रमिक रहते हैं, इस लिहाज से इस तरह के सर्वसुविधायुक्त अस्पताल यहाँ की जरूरत थी। श्रमिक परिवार बीमारियों के उपचार के लिए महंगे अस्पताल में पैसा खर्च नहीं कर पाते,ऐसे में ईएसआईसी का अस्पताल श्रमिकों के लिए वरदान साबित होगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश को लगातार उन्नति की राह पर ले जा रहे हैं। दुनिया में हमारे देश की पहचान बढ़ी है। आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनने के साथ अधोसंरचना के क्षेत्र में भी देश आगे बढ़ रहा है।



शहर के डिंगापुर क्षेत्र में नवनिर्मित अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि यह भी सौभाग्य की बात है कि मैं इस अस्पताल के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल रहा और आज श्रम मंत्री के रूप में उद्घाटन कार्यक्रम में आया हूँ। उन्होंने अस्पताल में उपचार की बेहतर सुविधाएं होने की बात कहते हुए यहाँ के चिकित्सकों से अपील की कि वे जो सेवा भाव मरीज के प्रति रखते हैं और जो अपेक्षाएं मरीज चिकित्सक से रखते हैं वे यहाँ बनाएं रखे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी और बताया कि श्रम कार्ड के माध्यम से रोजगार, उपचार, उनके बच्चों को छात्रवृत्ति, गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जाती है। श्रमिकों के बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भी अनुदान दिया जाता है ताकि श्रमिक परिवार के बच्चे भी अच्छा नागरिक बन सके।

## हर घर गुब्बारा कार अभियान

## अनुभव से शिक्षा और विज्ञान की अवधारणा को समझ रहे छात्र

### खेल खेल में सीख रहे साइंस



-संवाददाता-
सूरजपुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर, जिला शिक्षा अधिकारी ललित राम पटेल के आदेशानुसार 28 फरवरी 2024 विज्ञान दिवस के अवसर पर हर घर गुब्बारा कार का आयोजन किया जा रहा है जिसमे शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली के बच्चे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षा जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है। समय के साथ-साथ शिक्षा और अध्ययन में बदलाव भी देखने को मिला है। एक समय था जब न्यूटन के नियम हमें केवल तख्तों पर दिखे हुए मिलते थे, पर आज ये सब बच्चे खुद प्रयोग करके देख रहे हैं। हमने अब तक पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहन के बारे में सुना है। अब हम उस कार के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका नाम है गुब्बारा कार। जिले में शिक्षा को अनुभव का स्वरूप देते हुए हर घर गुब्बारा कार अभियान में बच्चों की हिस्सेदारी सुनिश्चित की जा रही है। प्रत्येक विद्यालयों में गुब्बारों के माध्यम से गुब्बारे वाली कारें चलाई जा रही हैं। स्कूली बच्चों में इस अभियान को लेकर अच्छी हिस्सेदारी देखने को मिल रही है। रामानुजनगर विकासखंड के पतरापाली में एक साथ पचास गुब्बारे वाली गाड़ियां अलग-अलग कक्षाओ में बनाई गई और इसका प्रदर्शन भी किया गया। विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने नवाचार और खिलौना आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रयोग किया जा रहा है।



### बच्चों ने बनाए बेहतरीन मॉडल

पूरे जिले भर में यह आयोजन किया जा रहा है। बच्चों ने गुब्बारे वाली कार बनाने का जब विषय मिला तो उन्होंने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर जगह से वो तस्वीर सामने आई, जहां विद्यालयों में चटक रंगी छटा बिखरने लगी। आज कार्यक्रम में प्रधान पाठक बी आर हितकर, संकुल समन्वयक जी डी सिंह, महेन्द्र पटेल, अनिता सिंह, कृष्ण यादव, योगेश साहू, रघुनाथ जायसवाल, भृत्य सरिता सिंह एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## युवा उत्सव तथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन



-संवाददाता-
सूरजपुर, 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में युवा उत्सव तथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन 23 फरवरी 2024 को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिशंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता तथा समाज सेवी विशिष्ट अतिथियों में तपन बनर्जी, ऑल इंडिया रेडियो के सेवानिवृत वरिष्ठ अधिकारी, वेद प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार तथा समाजसेवी, उदय शंकर मिश्र, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक डाइट, डॉ. आनंद कौशिक, सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतनपुर, महेंद्र सिंह, भूतपूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृति की देवी मां शारदा तथा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसी दौरान छात्राओं रंभा राजवाड़े, हुलसी गुप्ता तथा अंशा राजवाड़े ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के पश्चात छात्राओं पलक गिरि, रोहिणी मिंज, जीनत गौसिया, जैतून निशा इत्यादि छात्राओं ने छत्तीसगढ़ राजगीत 'अरपा पैरी के धार' के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल नृत्य प्रतियोगिता में आठ प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें प्रथम स्थान भावना विश्वास ने तथा दूसरा स्थान अंशा ने प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में रंभा राजवाड़े, शीतल, निशु सिंह, इशिका कुशवाहा, स्वाति मिंज, अंशा, एनिमा सिंह, मीना, अंजलि मिस्त्री, रानी मंडल, राधिका, सोनू सिंह तथा इनके समूहों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों तथा अतिथियों का मन मोह लिया। समूह नृत्य की विजेता स्वाति मिंज, मुस्कान खलखो, तीजो सिंह तथा अंजलि कुजूर का समूह रहा। आकाशदीप तथा उनके साथियों ने मतदाता जागरूकता पर आधारित एक मनमोहक तथा मनोरंजन नाटक प्रस्तुत किया।

### विश्व के प्राचीनतम नाट्यशाला सीताबेंगरा को देख बच्चे हुए आश्चर्यचकित

## चट्टीडांड़ स्कूल के बच्चों ने किया ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण



-संवाददाता-
सूरजपुर 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ स्कूल के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण अधिगम के तहत् शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन प्रधान पाठक गौतम शर्मा, शिक्षिका कुमारी विनिता सिंह और शिक्षक संतोष कुमार चन्देल के नेतृत्व में किया गया। इस भम्रण दल में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए । शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष बंटेश्वर सारथी ने इस भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान दार्शनिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सतमहला,देवगढ़ और रामगढ़ के सभी ऐतिहासिक महत्व के धरोहरों का अवलोकन कराया गया । भ्रमण दल सर्वप्रथम सूरजपुर जिले से लगभग 35 किलोमीटर दूरी पर सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखण्ड के कलचा ग्राम में स्थित सतमहला नामक पुरातात्विक स्थल पहुँचा,यहां सात स्थानों पर भग्नावशेष है। यहाँ कई तरह की मान्यताएँ हैं, कोई कहता है कि प्राचीन काल में यहाँ पर सात शिव मंदिर थे,तो कोई कहता कि इस स्थान पर किसी राजा का सप्त प्रागंण महल स्थित था। यहां लगभग 8-9 वीं सदी की गंगा जमुना की मूर्तियां एवं जलधारी पर शिवलिंग स्थापित है। यहाँ बच्चों ने सतमहला देवी और शिव मंदिर के अलावा षटभुजाकार कुंआ,सूर्य प्रतिमा तथा पत्थरों पर उकेरे गये अनेकों कलाकृतियों को देखा। इसके बाद भ्रमण दल सतमहला से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध देवगढ़ धाम पहुँचकर अर्द्धनारीश्वर गौरीशंकर मंदिर में पूजा अर्चना कर ऋषि जमदग्नि के आश्रम का अवलोकन किया। यहाँ स्वल्पाहार लेकर भ्रमण दल सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखण्ड में स्थित ऐतिहासिक पर्यटन स्थल रामगढ़ पहुँचा। यह स्थल राम वन गमन पथ में भी सम्मिलित हैं। रामगढ़ के प्रवेश द्वार में स्थित महाकवि कालिदास जी की प्रतिमा देख बच्चे खुशी से उछल उठे। जैसे - जैसे बच्चे आगे बढ़ते गये उनकी भी उत्सुकता बढ़ती गई। यहाँ भ्रमण दल ने विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला सीताबेंगरा गुफा, जोगीमारा गुफा, महाकवि कालिदास जी की रचना स्थली,हाथी पोल, पार्वती गुफा एवं राममंदिर आदि स्थल का अवलोकन किया। रामगढ़ की पहाड़ी में कई गुफाएँ स्थित है, जिसमें से सीताबेंगरा काफी प्रसिद्ध हैं, इस गुफा को ही विश्व के प्राचीनतम नाट्यशाला के रूप में ख्याति प्राप्त हैं। यहाँ स्थित मंच पर भ्रमण दल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर वहाँ आये पर्यटकों का मन मोह लिया,इसके बाद बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का लुफ्त उठाया और वापस आये। भ्रमण दल के सभी बच्चे भ्रमण के दौरान पूरे समय रोमांचित रहे । बच्चों ने बताया कि इसके पहले इस तरह से कहीं घुमने का मौका नहीं मिला था और न ही हम अपने माता-पिता के साथ कभी इस तरह के भ्रमण पर गए। यह शैक्षणिक भ्रमण उनके जीवन का सबसे सुखद अनुभव रहेगा।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
राष्टीय विज्ञान दिवस 2024 के अवसर पर शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है. आज प्रथम दिवस में बेस्ट प्रोडक्ट आर्ट कॉम्पिटिशन तथा साईस माडल कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया। उक्त कॉम्पिटिशन में 135 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर, राष्टीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा डिपार्टमेन्ट ऑप साईस एण्ड टेक्नालॉजी नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच.एन. दुबे द्वारा छात्र, छात्राओं को विज्ञान की उपलब्ध्यि एवं महत्व को बताया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता तथा कर्मचारियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



### समस्त छुटे हुए बी.पी.एल. एवं ए.पी.एल. राशन कार्डधारी परिवारों को मिलेगा मुफ्त इलाज

## पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना अंतर्गत बच्चों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

-संवाददाता-
सूरजपुर 26 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना का मकसद, कोविड महामारी में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों की व्यापक देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, इस योजना के जरिये बच्चों को स्वास्थ्य बीमा के जरियें बेहतर जीवन दिया जा रहा है, साथ ही उन्हें शिक्षा के जरियें सशक्त बनाया जा रहा है। 23 साल की उम्र तक पहुंचने पर वित्तीय सहायता के जरिये बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सूरजपुर जिले के प्रभावित बच्चों का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर का प्रावधान शामिल है, जिसमें आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई योजना के तहत जिले में 5 ऐसे बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, जिनके माता-पिता कोरोना महामारी के दौरान मृत्यु हो गई। उन समस्त बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत के द्वारा इन बच्चों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।





न्यायालय नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0 /अ-6-अ/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रम सिंह आ0 स्व0 सत्यनारायण, व अन्य 24, निवासी वार्ड क्र0 22, सरकारी दफाई, छोटा बाजार चिरमिरी, तहसील खड़गवां, जिला-चिरमिरी (छ0ग0) के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदकगण की पैतृक भूमि खसरा नंबर 122 रकबा 1.295 हे0 ग्राम सकालो में स्थित है। उक्त भूमि रिनंबरिंग सूची के अनुसार नया खसरा नंबर 747, 762 रकबा क्रमशः 0.790, 0.520 हे0 त्रुटिवश शासकीय मद में दर्ज हो गया है। आवेदकगण द्वारा खसरा नंबर 122 रकबा 1.295 हे0 भूमि के परिवर्तित नया खसरा नंबर 747, 762 रकबा क्रमशः 0.790, 0.520 हे0 के त्रुटि को सुधार करते हुए आवेदक तथा अनावेदकगण का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/03/2024 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील)

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

# भारत ने चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया

» भारत ने बैजबॉल स्टाइल को किया तबाह,
» बेन स्टोक्स की कप्तानी का घमंड चकनाचूर; पहली टेस्ट सीरीज गंवाई
» भारत ने बेन स्टोक्स को कप्तान के रूप में पहली टेस्ट सीरीज शिकस्त दी
» भारतीय टीम ने रांची में बैजबॉल की लोकप्रियता खत्म करते हुए सीरीज अपने नाम की
» भारत ने रांची टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से मात देकर मौजूदा सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई

## भारत की इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त








**रांची,26 फरवरी 2024।** रोहित शर्मा ने बेन स्टोक्स को कप्तान के रूप में पहली टेस्ट सीरीज शिकस्त थमाई। भारत ने रांची में बैजबॉल स्टाइल की धज्जियां उड़ा दी। भारत ने रांची में इंग्लैंड को पांच विकेट से मात देकर मौजूदा सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई।

भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टोक्स के बतौर इंग्लिश कप्तान अजेय रथ पर रोक लगा दी। स्टोक्स ने भारत दौरे से पहले कप्तान के रूप में छह टेस्ट सीरीज खेली और कभी नहीं हारे। इस जीत के साथ ही भारत ने घरेलू जमीन पर 17वीं टेस्ट सीरीज जीती। भारत ने 12 साल पहले 2012-13 में घरेलू जमीन पर आखिरी टेस्ट सीरीज गंवाई थी।

### युवाओं ने उठाई जिम्मेदारी

विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और केएल राहुल की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम के युवाओं ने जिम्मेदारी उठाकर अपनी टीम को चैंपियन बनाया। इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल ने रांची में भी अपना फॉर्म बरकरार रखा और दोनों पारियों में क्रमशः 73 व 37 रन बनाए।

ध्रुव जुरैल ने रांची टेस्ट को यादगार बनाया। उन्होंने पहली पारी में 90 रन की साहसिक पारी खेलकर भारत की बढ़त का अंतर काफी हद तक कम किया और फिर दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाकर लौटे। जुरैल ने शुभमन गिल के साथ छठे विकेट के लिए 72 रन की अविजित साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड के हौसले पस्त पड़ गए और भारत की जीत पर मुहर लगी।

### स्कोर का विवरण

याद दिला दें कि इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। इंग्लैंड की पहली पारी 353 रन पर ऑलआउट हुई थी। इसके जवाब में भारत की पहली पारी 307 रन पर सिमट गई थी। मेहमान टीम को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। फिर भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने सरेंडर किया और उसकी दूसरी पारी महज 145 रन पर ढेर हो गई। इस तरह भारत को जीत के लिए 192 रन का लक्ष्य मिला। भारतीय टीम ने 61 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया और इंग्लैंड के 12 साल के सीरीज जीतने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## भारतीय डीफ क्रिकेट टीम शारजाह में डीटीसीसी टी20 विश्व कप के लिए तैयार



**नईदिल्ली,26 फरवरी 2024।** भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने 6 से 12 मार्च तक शारजाह (यूएई) में होने वाली बधिर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (डीआईसीसी) टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दे दिया है।कैप्टन वीरेंद्र सिंह प्रतिष्ठित ट्रॉफी को घर लाने की खोज में टीम का नेतृत्व करेंगे। कोच, देव दत्त और प्रशिक्षक, मोहम्मद मशौर भी पूरी चैंपियनशिप के दौरान टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उनके साथ रहेंगे।आगामी चैंपियनशिप के लिए, आईडीसीए ने भारतीय दिव्यांग टीम की नई जर्सी का भी अनावरण किया।अनावरण समारोह आईडीसीए टीम के साथ-साथ क्रिकेट और कॉर्पोरेट जगत के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ, जो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।छह देशों - भारत, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें विश्व खिताब के लिए विज़न क्रिकेट सेंटर, शारजाह, संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

क्वालीफाइंग दोनों टीमें 12 मार्च को फाइनल मैच खेलेंगी।आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, टीम विश्व चैंपियनशिप के लिए महीनों से तैयारी कर रही है और शारजाह में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमने 2022 चैंपियनशिप जीती और इस बार ट्रॉफी भारत लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुंआ। हम विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों के बीच खेल को बढ़ावा देने और इन खिलाड़ियों को मुख्यधारा में लाने के लिए डारेटोड्रीम आंदोलन में शामिल होने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए अपने सभी सहयोगी साझेदारों के आभारी हैं। हम उनके साथ एक लंबी साझेदारी की आशा कर रहे हैं।आईडीसीए के सीईओ रोमा बलवानी ने कहा, डीआईसीसी टी20 विश्व कप दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा और क्रिकेट कौशल पर ध्यान आकर्षित करने में मदद करता है।

वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने से खिलाड़ियों को सीखने और अपने कौशल में सुधार करने का उत्कृष्ट अवसर मिलता है। मैं कामना करता हूं कि टीम को टूर्नामेंट के लिए अपार शुभकामनाएं और सफलता और हमारे सहयोगियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद। रीना जैन मल्होत्रा, संरक्षक, आईडीसीए ने टिप्पणी की डीआईसीसी टी20 विश्व कप विशेष रूप से विकलांग खिलाड़ियों के लिए अपना कौशल दिखाने का एक उत्कृष्ट मंच है। हम सभी शारजाह में आगामी विश्व चैम्पियनशिप के लिए तैयार हैं। टीम को शुभकामनाएं और आशा है कि वे ट्रॉफी घर ले आएं।इंडिया डेफ क्रिकेट टीमः वीरेंद्र सिंह (सी), साई आकाश (वीसी), प्रथ्वीराज शेट्टी, जीतेंद्र त्यागी, उमर अशरफ (डब्ल्यूके), आकाश सिंह, विवेक कुमार, दीपक कुमार, मुन्ना सरकार, सैंटी (डब्ल्यूके), कुलदीप सिंह, सुदरसन ई. मंजीत कुमार सुशील, यादव अभिषेक सिंह।

## चेतेश्वर पुजारा ने 15 साल बाद बनाए 800 से अधिक रन



**नईदिल्ली,26 फरवरी 2024।** रणजी ट्रॉफी 2023-24 में सौराष्ट्र क्रिकेट टीम का सफर क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु क्रिकेट टीम के खिलाफ हार के साथ ही समाप्त हो गया। सम्पन्न हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सौराष्ट्र को पारी और 33 रन से करारी शिकस्त मिली। सौराष्ट्र के दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के लिए ये सीजन जोरदार रहा। भारतीय टीम से बाहर चल रहे पुजारा ने खूब रन बटोरे।

पुजारा ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 में 8 मैच खेले, जिसकी 13 पारियों में 69.08 की औसत के साथ 829 रन बनाए।वह फिलहाल आंध्र प्रदेश के रिकी भुई (902) और केरल के सचिन बेबी (830) के बाद तीसरे सर्वाधिक रन वाले बल्लेबाज हैं।पुजारा सौराष्ट्र की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उनके बाद इस सूची में अर्पित वासवडा रहे, जिन्होंने 40.41 की औसत के साथ 485 रन बनाए।

पुजारा ने तीसरी बार किसी सीजन में 800 रन पूरे किए। इससे पहले 2007-08 में उन्होंने 73.36 की औसत के साथ 807 रन बनाए थे। उसके बाद 2008-09 सीजन में उन्होंने 82.36 की औसत से 906 रन बनाए थे।

पुजारा ने इस सीजन में 3 शतक लगाए, जिसमें दोहरा शतक भी शामिल है। उन्होंने झारखंड के विरुद्ध पहले दौर के मुकाबले में 30 चौकों की बदौलत नाबाद 243 रन बनाए थे।यह पुजारा के प्रथम श्रेणी करियर का 17वां दोहरा शतक था।पुजारा संयुक्त रूप से हर्बर्ट सटक्लिफ और मार्क रामप्रकाश के साथ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चौथे सर्वाधिक दोहरे शतक जड़ने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे आगे सिर्फ डॉन ब्रैडमैन (37), वैली हैमंड (36) और इलियास हेंड्रेन (22) हैं।

महाराष्ट्र के खिलाफ मैच के दौरान पुजारा ने अपने प्रथम श्रेणी करियर के 20,000 रन पूरे किए थे।उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 265 मैच खेले हैं, जिसमें 51.90 की औसत के साथ 20,398 रन बनाए हैं। इस बीच उनके बल्ले से 63 शतक और 79 अर्धशतक लगाए हैं।भारत के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पुजारा से ज्यादा रन सिर्फ सुनील गावस्कर (25,834), सचिन तेंदुलकर (25,396) और राहुल द्रविड़ (23,794) ने बनाए हैं।

पुजारा ने भारत के लिए 103 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 43.6 की औसत के साथ 7,195 रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने नाबाद 206 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 19 शतक और 35 अर्धशतक अपने नाम किए हैं।पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट मैच जून 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे चक्र के फाइनल के रूप में खेला था।ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के विरुद्ध उस मैच में उनके स्कोर 14 और 27 रन रहे थे।

## आईपीएल से पहले हार्दिक पांड्या ने चार महीने बाद की मैदान पर वापसी

**नवी मुंबई,26 फरवरी 2024।** भारत के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या नवी मुंबई में शुरू होने वाले डीवाई पाटिल टी20 कप के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं।



हार्दिक पांड्या रिलायंस 1 टीम की कप्तानी करेंगे, जो भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के खिलाफ प्रतियोगिता के शुरुआती मैच के माध्यम से अपना अभियान शुरू करेगी।हार्दिक को लंबे समय तक रिकवरी प्लस रिहैब पर रखा गया और अब वो एक बार फिर मैदान पर वापसी के लिए तैयार हैं। उन्हें गजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में शामिल कर लिया गया और वह 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 से पहले रोहित शर्मा की जगह लेते हुए टीम के कप्तान बन गए।

डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में पांड्या रिलायंस 1 टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, इसमें तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, पीयूष चावला, आकाश मधवाल और विष्णु विनोद जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।

ईशान किशन, जो व्यक्तिगत कारणों से पिछले साल भारत के दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे से हटने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। उनके भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है।

## आशा ने ग्रेस हैरिस की धुनाई की




**बेंगलुरु,26 फरवरी 2024।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के दूसरे गेम में यूपी वारियर्स की ग्रेस हैरिस श्वेता सहरावत के साथ 77 रनों की साझेदारी करके रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से गेम छीनने की धमकी दे रही थीं।

लेकिन 158 रन का पीछा करने के वारियर्स के इरादे को अनुभवी लेग स्पिनर आशा शोभना ने खराब कर दिया। उन्होंने पहले वृंदा दिनेश और ताहलिया मैकग्राथ को आउट किया था। 17वें ओवर में आशा ने श्वेता को कवर पर कैच कराया और तीन गेंद बाद स्वीप करने की कोशिश में धीमी लेग ब्रेक से ग्रेस को आउट किया।

एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पवेलियन छोर से गेंदबाजी करते हुए आशा ने किरण नवगिरे को स्टंप आउट कर 5-22 के साथ मैच समाप्त किया, जो डब्ल्यूपीएल में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा लिया गया पहला पांच विकेट था। यह ग्रेस की खोपड़ी थी, जिसकी आरसीबी को सबसे ज्यादा चाहत थी और आशा ने गेम-चेंजिंग स्पैल में काम किया और यह सुनिश्चित किया कि टीम घर पर जीत हासिल करे।

मेरी ताकत गेंद को टर्न कराना है और मैंने उस पर टिके रहने की कोशिश की। हमने विशेष रूप से ग्रेस हैरिस के लिए योजना बनाई थी और गेंदबाजी कोच के साथ जो योजना बनाई गई थी, उससे अलग नहीं होने की कोशिश की, जिन्होंने मुझे योजना बनाने की आजादी दी।

आशा ने एक वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा, जिस तरह से वह बल्लेबाजी करती है, वह किसी भी गेंदबाज को पीछे छोड़ सकती, लेकिन मुझे यकीन था कि वह मुझे कुचल डालेगी। मुझे यह भी पता था कि मैं बोल्ड या टॉप एज के जरिए उसका विकेट लूंगी। सौभाग्य से, भगवान की कृपा से, यह काम कर गया।

जब आशा को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया तो वह भावुक हो गईं और उनकी आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने कहा, मैं बस मैच जीतना चाहती थी और उस लक्ष्य में मैं कैसे योगदान दे सकती हूं, यह मेरे दिमाग में चल रहा था। मैंने पांच विकेट लेने के बारे में कभी नहीं सोचा था और जब मुझे प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला तो मैं वास्तव में भावुक हो गई।

## मोरक्को में प्रणवी पांचवें,दीक्षा 9वें स्थान पर रहीं



**रबात,26 फरवरी 2024।** भारतीय जोड़ी, प्रणवी उर्स और दीक्षा डागर के लिए यह एक अच्छा सप्ताह था, क्योंकि दोनों ने लल्ला मेरियम कप में शीर्ष -10 में जगह बनाई। प्रणवी ने लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) में अपने करियर के पहले टॉप-5 में 6-अंडर 67 का कार्ड खेला और लल्ला मेरियम कप में 8-अंडर 211 का स्कोर हासिल किया, जबकि दीक्षा डागर ने अंतिम राउंड में 5-अंडर के साथ 72 का कार्ड खेला और नौवें स्थान पर रहीं। . इंग्लैंड के ब्रोंटे लॉ ने 64 (-9) के शानदार अंतिम राउंड में पीछे से आकर मोरक्को में कम स्कोर वाले अंतिम दिन तीन शॉट से जीत हासिल की। प्रणवी, जिनके पास पहले दो दिनों में 71-73 का राउंड था, चार बर्डी और फ्रंट नाइन पर एक ईगल के साथ 6-अंडर 31 के शानदार स्कोर के साथ फ्लायर पर थी। उन्होंने 11 वें पर एक बर्डी लगाई लेकिन एक शॉट गँवा दिया। पार-3 17वें पर और 67 के साथ समाप्त हुआ।

दीक्षा ने दूसरे, तीसरे और 14वें होल पर बर्डी लगाई और 13वें और 15वें होल पर 71 के लिए शॉट गिराए। विजेता लॉ ने पहले शॉट में बर्डी लगाकर जोरदार शुरुआत की और अगले शॉट में शॉट गंवा दिया। लॉ ने अगले 16 होल में आठ बर्डी, एक ईगल और एक बोगी लगाकर बढ़त बना ली और अपनी तीसरी एलईटी जीत हासिल की। फ्रांस की पॉलीन रूसिन-बूचार्ड 71, 67 और 71 के राउंड के बाद दस-अंडर-पार पर उपविजेता रहीं। रातोंरात नेता मेक्सिको की मारिया फासी और स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो नौ-अंडर-पार पर तीसरे स्थान पर रहीं। पीआईएफ - टाम्पा द्वारा प्रस्तुत अरामको टीम सीरीज़ के लिए फ्लोरिडा जाने से पहले एलईटी के पास एक सप्ताह की छुट्टी है, जो 8 मार्च से 10 मार्च तक होती है।

## लारा दत्ता ने अपने नए शो रणनीति बालाकोट एंड बियॉन्ड का पूर्वावलोकन साझा किया



अभिनेता लारा दत्ता और जिमी शेरगिल एक नए शो रणनीति बालाकोट एंड बियॉन्ड में नजर आएंगे। सोमवार को लारा ने इंस्टाग्राम पर शो का पूर्वावलोकन साझा किया। वीडियो में एक कहानी की झलक पेश की गई है जो बालाकोट ऑपरेशन की जटिलताओं की पड़ताल करती है, कम ज्ञात पहलुओं, रणनीतियों और चुनौतियों पर प्रकाश डालती है जिन्होंने घटनाओं के प्रक्षेप पथ को आकार दिया। संतोष सिंह द्वारा निर्देशित इस श्रृंखला में आशुतोष राणा, आशीष विद्यार्थी, प्रसन्ना और कई अन्य कलाकार भी हैं। शो के बारे में बोलते हुए, जिमी शेरगिल ने कहा, 5 साल पहले 14 फरवरी को, पुलवामा में हमारे बहादुरों ने कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान दिया था। हालांकि हम अपने शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे, लेकिन हम खुशी से झूमने से खुद को रोक नहीं पाए। गर्व है जब हमने पहली बार अपने देश को जवाबी कार्रवाई करते हुए देखा! बालाकोट हवाई हमला, एक कठोर संदेश था जो हमारे देश और सशस्त्र बलों के लचीलेपन और साहस से उपजा था। भारत ने कड़ा रुख अपनाया और यह तारीख हमेशा देश के दिल में अंकित रहेगी-भारत कभी नहीं भूलेगा। इस श्रृंखला का हिस्सा बनने से जवानों के प्रति मेरा सम्मान बढ़ गया है क्योंकि मैंने हमारे देश के इतिहास में एक निर्णायक क्षण का अनुभव किया है।

# करण जौहर ने अपने अगले निर्देशन पर अपडेट किया



करण जौहर फिल्म के सफल और प्रसिद्ध सदस्यों में से एक हैं। वह बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं और उन्होंने निर्माता के रूप में इसे व्यस्त रखा है क्योंकि वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के नेतृत्व में अपनी आगामी फिल्म योद्धा की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। एक्शन से भरपूर फिल्म ने प्रशंसकों को पहले ही उत्साहित कर दिया है और अब करण जौहर ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के बाद अपने अगले निर्देशन उद्यम का संकेत देकर इंटरनेट पर हलचल मचा दी है और रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के साथ संगम पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। 26 फरवरी को, कुछ समय पहले, करण जौहर ने इंस्टाग्राम लाइव सत्र की मेजबानी करने और अपने प्रशंसकों और अनुयायियों के साथ बातचीत करने के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रम से कुछ समय निकाला। लगभग 15 मिनट के लाइव सत्र में कई प्रशंसक और अनुयायी शामिल हुए, जिन्होंने निर्देशक पर अपने सवालों और प्यार भरी टिप्पणियों की बौछार कर दी। इसके अलावा, एक प्रशंसक ने उनकी आखिरी रिलीज, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और ऐ दिल है मुश्किल के बीच सात साल के लंबे अंतराल के बारे में पूछा। उसी पर प्रतिक्रिया देते हुए, केजेओ ने अपनी आगामी फिल्म के बारे में प्रमुख संकेत दिए और खुलासा किया कि कास्टिंग अभी तक नहीं हुई है, लेकिन उन्हें साल के अंत तक सेट पर जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मेरी पटकथा लगभग पूरी हो चुकी है; मैं जिस फिल्म का निर्देशन करना चाहता हूं, उसके पहले ड्राफ्ट से अभी एक सप्ताह दूर हूं। मैं खुद से और अपनी टीम से, जो पहले से ही सक्रिय रूप से तैयारी कर रही है, वादा करता हूं कि मैं इस साल के अंत तक या उम्मीद है कि उससे थोड़ा पहले सेट पर पहुंच जाऊंगा और यह दो फिल्मों के बीच मेरा सबसे तेज़ बदलाव होगा।

## फिल्म इंडस्ट्री में सामंथा ने पूरे किए 14 साल



एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने शोबिज की दुनिया में 14 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर उनकी सबसे अच्छी दोस्त और एक्ट्रेस नयनतारा ने उन्हें बधाई दी है। सामंथा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपना एक सेल्फी वीडियो शेयर किया, इसमें वह हवाई जहाज में बैठी हैं और सिनेमा में बिताए गए सालों को गिन रही हैं। उन्होंने एआर रहमान के ट्रैक ई हृदयम के साथ लिखा, 14 साल ऑलरेडी... वाहहहह!, जो एक्ट्रेस और उनके पूर्व पति नागा चैतन्य पर फिल्माया गया है। 2010 में सामंथा ने गौतम वासुदेव मेनन की तमिल फिल्म विन्नैथांडी वरुवाया में एक कैमियो रोल से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। उसी साल उन्हें तेलुगु रोमांस फिल्म ये माया चेस्वे में पहली मुख्य भूमिका मिली। एक्ट्रेस नयनतारा ने उन्हें बधाई देते हुए सामंथा की एक तस्वीर साझा की और लिखा 14 साल पूरे होने पर बधाई... आपको और हौंसला मिले। इस पर सामंथा ने जवाब दिया धन्यवाद मेरी खूबसूरत नयनतारा। वर्कफ्रंट की बात करें तो, सामंथा जल्द ही अमेरिकी टीवी सीरीज सिटाडेल के भारतीय स्पिन-ऑफ में दिखाई देंगी। इसमें वरुण धवन, सिकंदर खेर, के के मेनन और साकिब सलीम भी हैं। उन्होंने 2021 में द फैमिली मैन 2 के साथ अपनी हिंदी सीरीज की शुरुआत की।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री साय ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर किया नमन



**रायपुर,26 फरवरी 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की 27 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अमर शहीद आजाद के मन में मातृभूमि की आजादी के लिए अद्भुत जुनून था। उन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी लेकिन ब्रिटिश सरकार के सामने कभी घुटने नहीं टेके। उनके बलिदान ने हजारों युवाओं के भीतर क्रांति की मशाल जला दी।

### आईएएस अफसरों का हुआ तबादला



#### कई जिले के बदले गए कलेक्टर,आदेश जारी

**रायपुर,26 फरवरी 2024(ए)।** प्रदेश में सरकार बदलने के बाद अधिकारियों के तबादले का दौर जारी है। इस बीच कई जिले के कलेक्टर बदल दिए गए हैं। जारी आदेश के मुताबिक कुल 6 अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह ने जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक, सारंगगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्टर कुमार लाल चौहान को बलौदाबाजार-भाटापारा का कलेक्टर बनाया गया है. इसके अलावा आईएएस धर्मेश साहू को सारंगगढ़-बिलाईगढ़ का कलेक्टर बनाया गया है. आईएएस चंदन कुमार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है.आईएएस प्रियंका ऋषि महोबिया को संचालक पंचायत विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है. आईएएस लीना कमलेश मंडावी को कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही बनाया गया है. इसके अलावा आईएएस प्रतीक जैन को सीईओ आरडीए की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

### बीपीएल कार्डधारियों को जल्द ही मिलेगा नया राशन कार्ड



**रायपुर,26 फरवरी 2024(ए)।** प्रदेश में बीपीएल राशन कार्ड धारी के नवीनीकरण के बाद अब नया कार्ड बांटने का सिलसिला शुरू होने वाला है। खाद्य विभाग द्वारा प्रदेश समेत बिलासपुर जिले में हितग्राहियों को नवीन कार्ड प्रदान किया जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। सरकार बदलने के बाद अब राशन कार्ड को बदला जा रहा है।खाद्य अधिकारी देते हुए बताया कि, जिले में लगभग चार लाख 80 हजार बीपीएल कार्ड धारी है जिनके राशन कार्डों को नवीनीकृत करने का काम पिछले कई दिनों से जारी है।

# पैरादान परिवहन के 53 करोड़ के खर्च का मुद्दा सदन में गूंजा

» गौठानों पर सवाल,पैरादान, परिवहन और गोबर खरीदी के खर्च पर बवाल

» मंत्री ने प्रश्न एवं संदर्भ समिति से जांच का किया ऐलान

**रायपुर,26 फरवरी 2024(ए)।** गौठानों के खर्च, पैरादान, परिवहन और गोबर खरीदी पर हुए खर्च और उसके स्रोत की जांच का भी पुरजोर तरीके से मुद्दा उठाया गया। गौठान में हुए पैरादान परिवहन भुगतान की गड़बड़ी के सवाल पर खासा बवाल हुआ। आखिरकार संदर्भ समिति से जांच कराने का एलान किया है।

पंचायत मंत्री की अनुपस्थिति में जवाब देते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सदन में जांच की घोषणा की। अजय चंद्राकर ने अपने सवाल में सरकार से जानना चाहा कि पैरादान के लिए जो परिवहन किया गया, आखिरकार उसका भुगतान किस तरह से किया गया। पैरा परिवहन किस दर से किया गया।

किस वाहन से किया गया और परिवहन का दर किस आधार पर निर्धारित किया गया। साथ ही अजय चंद्राकर ने पैदादान के भुगतान के मद की भी जानकारी जानकारी मांगी।

जवाब में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि 1 जनवरी 2019 से 30 सितंबर 2023 तक विभिन्न योजना अंतर्गत गोठान समिति को 45.69 लाख क्विंटल पैरादान मिला। पैरा का परिवहन स्थानीय दर पर ट्रैक्टर और अन्य उपलब्ध वाहन से किया गया। परिवहन का दर दूरी के आधार पर तय किया गया।

मंत्री ने ये भी बताया कि परिवहन का भुगतान गोधन न्याय योजना मूलभूत 14वें और 15वें वित्त आयोग के मदद से किया गया है। चंद्राकर ने पूछा- 14वें वित्त आयोग से क्या पैरे का परिवहन हो सकता है? मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जवाब में कहा कि पैरादान से मिला था, परिवहन के लिए राशि खर्च करने का प्रावधान है।

गौठान समितियों को 53 करोड़ से अधिक राशि दी गई, इससे समितियों ने खर्च किया। इसके बाद अजय चंद्राकर ने कहा- 14वें वित्त आयोग की राशि गौठान को नहीं दी जा सकती, फिर किस आधार पर वित आयोग का पैसा दिया गया। 53 करोड़ की राशि किस मद में खर्च की गई है।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- 14वें और 15वें वित्त आयोग से राशि दी गई और ये राशि सभी जिलों में सभी गौठानों को राशि दी गई है। अजय चंद्राकर ने कहा- वित्त आयोग की राशि से परिवहन नहीं किया जा सकता है। इसका उपयोग पंचायतों के रखरखाव के लिए किया जाना है। गोधन न्याय योजना के मद से 53 करोड़ की राशि गौठानों को दी गई है। विधायक अजय चंद्राकर ने इस मामले में जांच की मांग की। जवाब में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों की कमेटी से जांच कराने की घोषणा की। लेकिन, इस ऐलान से अजय चंद्राकर असंतुष्ट दिखे।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने ही पूरी गड़बड़ियां की है, ऐसे में अधिकारियों की जांच कमेटी से पूरा मामला रफा दफा हो जायेगा। लिहाजा विधायकों की कमेटी या प्रश्न एवं संदर्भ समिति से इसकी जांच होनी चाहिये। जिससे बाद मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- मामले में अजय चंद्राकर को भ्रष्टाचार की आशंका है, इसलिए प्रश्न संदर्भ समिति से मामले की जांच कराई जाएगी।




## विपक्ष ने सीजीएमएससी से दवा और मेडिकल उपकरण आपूर्ति में लापरवाही का लगाया आरोप

### तो मंत्री ने तत्काल सभी प्रभारी प्रबंधकों को हटाने की कर दी घोषणा

विधानसभा में आज सीजीएमएससी से दवा एवं मेडिकल उपकरण आपूर्ति में लापरवाही का मामला गूंजा। विपक्ष ने आरोप लगाया कि यहां सालों से जमे अधिकारी वसूली में मशगूल हैं जिससे सरकारी अस्पतालों में समय पर दवाइयां नही पहुंच पा रही है और लोगों को बाहर से दवाएं खरीदनी पड़ रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग के वेयर हाउस में पदस्थ सभी प्रभारी प्रबंधकों को उनके मूल विभाग में भेजने की घोषणा सदन में की।



विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से कांग्रेस सदस्य बालेश्वर साहू ने यह मामला उठाते हुए स्वास्थ्य मंत्री को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस लिमिटेड के माध्यम से पूरे प्रदेश के सरकारी अस्पताल के लिए दवाइयां एवं अन्य मेडिकल उपकरणों की खरीदी की जाती है, जिसे 16 वेयर हाउस के माध्यम से सभी जिलों में सप्लाई की जाती है। यहां खरीदे गए मेडिसिन की गुणवत्ता जांच के लिए विभिन्न लैब में भेजा जाता है। इन वेयर हाउस में अलग अलग अधिकारी नहीं है एक ही अधिकारी कई वेयर हाउस की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं जिसके कारण ये जमकर अवैध वसूली कर रहे हैं। इन अधिकारियों की मनमानी से सरकारी अस्पतालों में समय पर दवाइयां भी नहीं पहुंच रही है। कांग्रेस विधायक ने ऐसे अफसरों पर कार्रवाई की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के सभी वेयर हाउस में पदस्थ प्रभारी प्रबंधकों को उनके मूल विभाग में लौटाने की घोषणा की।

## डॉ महंत ने गृहमंत्री पर साधा निशाना, सदन में गरमाया कवर्धा का मामला

### विधानसभा सत्र के 15वें दिन नारा नेता प्रतिपक्ष ने तल्ख लहजे में कहा- विधानसभा तो हम हार गए लोकसभा में इनको बताएंगे

।विधानसभा में आज नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने गृहमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा-कवर्धा जिला जो हमारे विधानसभा के अध्यक्ष जी का जिला है, कार्य क्षेत्र है, कवर्धा जिला जहां से गृहमंत्री जी आते हैं।



कवर्धा में मां बेटी की संदिग्ध मौत का मामला शून्यकाल में उठाया। कवर्धा जिले में ऐसा क्या हो गया कि हर दूसरे दिन हत्या हो रही है कभी लोग जलाया जा रहे हैं, कभी घर में सड़ती गलती लाश मिल रही है।

कल कवर्धा एसपी ऑफिस के घर के सामने मकान से बदबू आ रही थी। उसमें मां और बेटे की लाश मिली। शरीर सड़ने की हालत में था और बदबू से उनकी मौत का पता चला। जिस पर खून लगा हुआ था। शव के हालात बता रहे थे कि वह क़त्ल भी हो सकता है।

मैं इस बात की निंदा करता हूं, अध्यक्ष महोदय स्वयं गृहमंत्री के जिले में गृहमंत्री के क्षेत्र में हर हफ्ते में तीन चार बार इस तरह से हत्या हो रही है उसकी जांच होना चाहिए। इससे पूरे प्रदेश में भय का माहौल बन रहा है जब गृहमंत्री का क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो अन्य क्षेत्र कैसे सुरक्षित होगा।कांग्रेस विधायक के वीडियो वायरल को लेकर चरण दास महंत ने कहा कि हम लोग उस विचारधारा से आते हैं। जिसमें हिंदू,मुस्लिम,सिख,इसाई आपस में सब भाई-भाई। उन्होंने आल्हालुईया कह दिया तो इसका मतलब वह ईसाई हों गई,ऐसा नहीं है।

हम सब लोग अपने विचारधारा से अपने महात्मा गांधी के विचारधारा से बाबासाहेब अंबेडकर के विचारधारा से प्रेरित लोग हैं, इनसे हमें कोई बिगाड़ नहीं सकता कोई हिला नही सकता। हम सब धर्म को समान रूप से मांगते हैं समान रूप से उनकी सेवा करेंगे।

### विधानसभा तो हम हार गए लोकसभा में आपको बताएंगे

विधानसभा तो हम हार गए लोकसभा में इनको बताएंगे। कल या परसो मे विधानसभा का यह सत्र संपन्न हो जायेगा। इतने दिनों में मुख्यमंत्री जी कितने दिनों आए विधानसभा में क्या अभी रिमोट कंट्रोल की सरकार चल रही है, क्या उनको रिमोट कंट्रोल करके मना किया जाता है की यहा मत आओ।मंत्रिमंडल के सदस्य कौन गायब है,गृहमंत्री के क्षेत्र में लगातार हत्या हो रही हैं। यह सरकार रिमोट कंट्रोल की सरकार है,मनमानी ढंग से चल रही है। आज तक ऐसा कोई काम नहीं होगा,सिवाय बुराई करने के बघेल सरकार की जांच करने में इनको मजा आ रहा है मजा लेने दीजिए।

## प्रश्नकाल के दौरान उठा चना खरीदी का मुद्दा

### कांग्रेस विधायक ने की समर्थन मूल्य घोषित करने और खरीदी केंद्र खोलने की मांग

कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने आज विधानसभा में चना खरीदी का मामला प्रश्नकाल में उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यहां वाटर लेबल गिर रहा है जिससे दलहन फसल का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में अब चने की खेती किसान कर रहे हैं परंतु उसका उन्हें समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। इस समय दलहन का रकबा घटा है वहीं चने का रकबा बढ़ा है। विपक्ष के सदस्य ने सरकार से चने का समर्थन मूल्य घोषित करने और सभी जिलों में खरीदी केंद्र खोलने की मांग की। कृषि मंत्री रामविचार नेताम की अनुपस्थिति में स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इसका जवाब देते हुए कहा सरकार भविष्य में इस पर विचार कर सकती है।

# बीजापुर में शहीद हुए जवान राम आशीष यादव का पार्थिव शरीर पहुंचा भिलाई

### बलिया स्थित गृहग्राम में होगा अंतिम संस्कार

**भिलाई,26 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से शहीद हुए भिलाई के सीएएफ जवान राम आशीष यादव का अंतिम संस्कार उनके बलिया स्थित गृह ग्राम में होगा।

आज दोपहर शहीद का पार्थिव शरीर भिलाई के सेक्टर-2 निवास ससम्मान लाया गया। यहां गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, कलेक्टर दुर्ग सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया।

विदित हो कि मिरतुर थाना क्षेत्र के सुरक्षा बल कैंप बेचापाल से सीएएफ की टीम एरिया सर्चिंग के लिए निकली थी। इस दौरान गांडोकलपारा से कुतुलपारा की



और सर्चिंग की जा रही थी, तभी बेचापाल पदमारा के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम की चपेट में एक जवान आ गया और जोरदार धमाका हुआ। इस घटना में कैंप बेचापाल में पदस्थ प्रधान आरक्षक राम आशीष शहीद हो गए। शहीद जवान भिलाई के सेक्टर-2 निवासी थे। वे बीजापुर में प्रधान आरक्षक के पद पर सेवारत थे। शहीद जवान का पार्थिव शरीर आज सुबह जिला मुख्यालय लाया गया। बताया जा रहा है कि नक्सल प्रभावित इलाके बेचापाल के पास सड़क निर्माण का काम चल रहा है। जवान सड़क निर्माण काम की सुरक्षा के लिए निकले थे। इसी दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में जवान का पैर आ गया, जिससे जोर का धमका हुआ। जवान को गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आज शहीद राम आशीष यादव का पार्थिव शरीर उनके 32ई, सड़क-3, सेक्टर-2 स्थित निवास लाया गया। प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा भी आज दोपहर 1 बजे भिलाई पहुंचे और शहीद के परिजनों से मुलाकात की। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी विधानसभा सत्र से भिलाई पहुंचे और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।? मध्यान्ह ढाई बजे राम आशीष यादव का पार्थिव शरीर ससम्मान उनके गृह ग्राम असनवार, पोस्ट ताखा जिला बलिया उत्तरप्रदेश रवाना किया गया।

### आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए जवान राम आशीष यादव को गृहमंत्री शर्मा ने दी श्रद्धांजलि, परिजनों को ढांढस बंधाया, कहा दुखद है यह सब दूर होना चाहिए

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से शहीद हुए भिलाई के सीएएफ जवान राम आशीष यादव का अंतिम संस्कार उनके बलिया स्थित गृह ग्राम में होगा, आज दोपहर शहीद का पार्थिव शरीर भिलाई के सेक्टर-2 निवास लाया गया, जहाँ गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक रिकेश सेन, कलेक्टर, आईजी सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शहीद के परिजनों को ढांढस बंधाया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शहीद जवान राम आशीष यादव को भिलाई पहुँचकर नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं और पार्थिव शरीर को कंधा लगाकर पैतृक ग्राम उत्तरप्रदेश के लिए रवाना किए। उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजन के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा छत्तीसगढ़ सरकार उनके परिजन के साथ है। श्री राम आशीष यादव ने आदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की है, उनकी शहादत को नमन है।



## पूर्व मंत्री शिव डहरिया की पत्नी ने कब्जा की जमीन से बोरिया-बिस्तर समेटा

**रायपुर,26 फरवरी 2024(ए)।** शासकीय भूमि पर बने भवन पर पूर्व मंत्री शिव डहरिया की पत्नी शकुन डहरिया की अध्यक्षता वाली राजश्री सद्भावना समिति ने निगम की नोटिस के बाद आज खाली कर दिया है । इस दौरान पुलिस भी मौजूद रही। बता दें कि पूर्व मंत्री शिव डहरिया की पत्नी की अध्यक्षता में संचालित राजश्री सद्भावना समिति को निगम ने नोटिस जारी किया था। साथ ही 72 घंटे के भीतर जोन क्रमांक 10 स्थित शताब्दी नगर के सामुदायिक भवन को खाली करने के निर्देश दिए थे। मामले में निगम की भी लापरवाही सामने आई थी। भवन के हस्तांतरण के लिए एमआइसी में संकल्प तो पारित किया गया, लेकिन निगम की ओर से हस्तांतरण के संदर्भ में संस्था को कोई भी पत्र जारी नहीं किया गया था।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 के आवेदन और परीक्षा की तारीख जारी

**रायपुर,26 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् रायपुर को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने पत्र जारी किया है। जारी पत्र अनुसार इस वर्ष यानि 2024 में शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 आयोजित किए जाने का प्रस्ताव भेजा है।इस




साल भी शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 / शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 आयोजित की जाएगी। जारी प्रस्ताव के अनुसार परीक्षा परीक्षा 2024 के लिए यही तिथि फाइनल होती है तो अगले महीने यानि 7 मार्च से आवेदन किए जा सकेंगे। वहीं 7 अप्रैल तक यह आवेदन भरे जाएंगे। वहीं इसके लिए 21 जुलाई को संभावित परीक्षा तिथि बताई गई है।दरअसल, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षकों की भर्ती से पहले छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा लेने का कल ऐलान किया था। इस पर व्यापम ने बताया कि एससीईआरटी को प्रस्ताव भेजा गया है। और पूरी उम्मीद है कि ये डेट फ इनल हो जाएगा।

## केंद्र में कांग्रेस की सरकार आते ही रद्द करेंगे अग्निवीर योजना

### मोदी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही

**रायपुर,26 फरवरी 2024(ए)।** पूर्व सीएम भूपेश ने मोदी सरकार के कामकाज और नीतियों पर हमला करते हुए एक पोस्ट कर युवाओं से बड़ा वादा किया है। उन्होंने कह दिया है कि हमारी सरकार आते ही अग्निवीर योजना रद्द कर दी जाएगी। उसके बाद सेना में पक्की भर्ती की जाएगी। मोदी सरकार के कामकाज और नीतियों को लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर है।मोदी सरकार को रोजगार के मुद्दे पर लगातार राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ों न्याय में घेरते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस योजना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से लेकर तमाम बड़े नेता



इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव होने में अब बस कुछ ही दिन रह गए हैं।मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए अग्निवीर योजना लेकर आई थी. जिसके तहत युवाओं को जल, थल और वायु सेना में 4 साल के लिए नौकरी दी जा रही है। जब से ये योजना शुरू की गई है तब से कांग्रेस इसे बैन करने की मांग करते हुए इसका विरोध कर रही है। कांग्रेस के तमाम नेताओं का कहना है कि ये योजना लाकर मोदी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## 14 टीचरों की प्रतिनियुक्ति की गई खत्म



**रायपुर,26 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूली शिक्षा के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तेजी से बदलाव लाने की दृष्टि से स्कूली शिक्षा में सुधार हेतु चॉक परियोजना की शुरुआत की गई थी। परियोजना के कियान्वयन के लिए विश्व बैंक से संबंधित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करने के उद्देश्य से चॉक प्रकोष्ठ में टीचरों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। अब स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए टीचर को वापस उनके मूल पदों पर लौटने को कहा है। इसे लेकर आज शिक्षा विभाग की ओर से आदेश जारी हो गया है। अब उनकी पदस्थापना खत्म करते हुए मूल शाला में फिर से पदस्थापना आदेश जारी किया गया है।

## 8 लाख के ईनामी नक्सली कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा,26 फरवरी 2024(ए)।** राज्य सरकार की नक्सलवाद उन्मूलन नीति और जवानों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर 8 लाख के सक्रिय इनामी नक्सली कमांडर नागेश उर्फ़ एर्रा ने सुकमा एसपी किरण चव्हाण के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। नक्सल मोर्चे पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नक्सली कमांडर नागेश काफी लंबे समय से सक्रिय था। वह बस्तर में बड़ा नक्सली कमांडर रहा है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि नागेश उर्फ़ एर्रा (उम्र 38 साल) जगरगुंडा का रहने वाला है। मौजूदा समय में वह नक्सलियों की पीएलजीए बटालियन के कंपनी नंबर 2 के कमांडर के तौर पर सक्रिय था। सुकमा के ताड़मेटला में साल 2010 में हुए हमले में 76 जवान शहीद हुए थे, इस हमले में भी नागेश शामिल था। एसपी किरण चव्हाण के मुताबिक नागेश ने नक्सलियों की खोखली विचारधारा से परेशान हो गया था,



जिसके बाद उसने नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' के तहत विश्वास, विकास एवं सुरक्षा की भावना एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''पुना नर्कोम अभियान'' नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर नक्सलियों का साथ छोड़ने और समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का निर्णय लिया और आज पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी किरण चव्हाण ने अन्य नक्सलियों से भी नक्सलवाद को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने की अपील की है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)